Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 205 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 03 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म ही ऐसा है जो दुख को भुलाकर सुख का अनुभव कराता है।

It is only religion or righteousness that causingh to forget sorrow, makes us to experience virtual bliss.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## झाडू के तिनके की तरह बिखर रही आप पार्टी: पीएम मोदी

### दिल्ली में इस बार भाजपा की सरकार बनने जा रही



**नई दिल्ली ( ए )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरकेपुरम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद, 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। इस बार दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज कल हम देख रहे हैं कि कैसे दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाडू के तिनके बिखर रहे हैं, आपदा के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि लोग आपदा से नफरत करते हैं। दिल्ली के लोगों के गुस्से से आपदा पार्टी इतनी घबरा गई है कि हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। दिल्ली की जनता के सामने आपदा वालों का नकाब उतर चुका है।

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।.

### बसंत पंचमी पर्व पर मुख्यमंत्री साय मां शारदा धाम पहुंचे

## सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की



**रायपुर ( विसं )।** विद्यादायनी माता सरस्वती की उपासना के पावन पर्व बसंत पंचमी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के ग्राम पंचायत जामटोली अंतर्गत ग्राम डेवाडेलंगी में मां शारदा धाम पहुंचे। उन्होंने इस धाम परिसर में स्थित मां सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर शारदा धाम में आए समस्त श्रद्धालुगण को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा हमेशा हम सब पर बनी रहे। आपके कंठ में सदा मां सरस्वती विराजमान रहें। उन्होंने कहा कि वेदों में कहा गया है कि मानव योनि में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। 84 लाख योनियों में भटकने के बाद हमें मानव जीवन मिलता है। हमारे कर्म ऐसे रहने चाहिए कि जब हम इस दुनिया से जाएं तो लोग हमें याद रखें। इस धाम में शिक्षा के लिए अलख जगाने के साथ ही खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय मां शारदा के पावन धाम में आयोजित अखण्ड श्रीहरि कीर्तन राम नाम जाप के आयोजन में भी शामिल हुए, जिसमें आसपास के 48 गांवों के श्रद्धालु और 12 कीर्तन मंडलियां शामिल हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल के निकट गिरमा नदी बहती है, जिसके एक ओर छत्तीसगढ़ है तो दूसरी ओर झारखंड है। इस धाम के बगल में बह रही पावन गिरमा नदी दो प्रदेशों की संस्कृति को समाहित कर अविरल धारा के साथ बह रही है।

## छत्तीसगढ़ के किसानों को 0 प्रतिशत पर मिलेगा लोन : ओपी चौधरी



### 100 जिलों पर मोदी सरकार का फोकस, इसमें प्रदेश के बस्तर, सरगुजा के जिले शामिल

### छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की एकात्म परिसर, भाजपा कार्यालय में प्रेस पत्रवार्ता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि प्रदेश कृषि प्रधान है। किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों के लिए केसीसी लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये तक शून्य ब्याज दर पर किया गया है। कोई ब्याज नहीं देना होगा। ये बातें उन्होंने रायपुर के एकात्म परिसर, भाजपा कार्यालय में कहीं।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत 100 कमजोर जिलों को चिह्नांकित कर कृषि को उन्नत करने का काम किया जाएगा। इसका सीधा लाभ हमारे छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा अंचल के बहुत सारे जिलों को मिलने जा रहा है। प्रदेश के आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 70 लाख किसानों भाइयों को सीधा लाभ मिलने जा रहा है। केसीसी के तहत 7 करोड़ 70 लाख किसान भाइयों को इसका लाभ मिलेगा।

मंत्री ने बताया कि गिग वर्कर्स जो किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए डिलिवरी का काम करते हैं, ऐसे 1 करोड़ गिग वर्कर्स को 5 लाख रुपये के आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने का ऐलान किया गया है।

सरकार ने दलहन पर आत्मनिर्भरता के लिए उड़द, मसूर और तुअर इन तीनों पर 100 प्रतिशत खरीदी का ऐलान किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ में गाड़ियों की एंट्री बंद, रास्ते वन-वे



**प्रयागराज (ए)।** महाकुंभ का आज 21वां दिन है। दोपहर 2 बजे तक 97 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.57 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। निगरानी के लिए हेलिकॉप्टर तैनात किया गया है। आज से 4 फरवरी तक श्रद्धालुओं को अपने वाहन शहर के बाहर पार्किंग में खड़े करने होंगे। पार्किंग से वे शटल बस से या पैदल घाटों तक पहुंच सकेंगे। बड़े और छोटे वाहनों की पार्किंग अलग कर दी गई है। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर वन-वे व्यवस्था लागू कर दी गई है। एक साइड से श्रद्धालु आएंगे तो दूसरी साइड से निकासी होगी।

### 4 मई को खुलेंगे बद्रीनाथ मंदिर के कपाट

**रायपुर (विसं)।** नई दिल्ली (ए)। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ मंदिर के पवित्र कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। बसंत पंचमी पर नरेंद्र नगर में पूर्व टिहरी राज दरबार में विशेष पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के कपाट खुलने का समय तय किया गया। गणेश पंचांग और चौकी पूजन के बाद राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि तय की। इस दौरान टिहरी के पूर्व महाराजा मानवेंद्र शाह, लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल और कई अधिकारी मौजूद थे। 17 नवंबर 2024 को बद्रीनाथ के कपाट पंच पूजा के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

### 'पूअर लेडी' वाले बयान पर बढ़ी मुश्किलें

## राष्ट्रपति को कहा था पूअर लेडी सोनिया गांधी पर मुकदमा दर्ज

**नई दिल्ली ( ए )।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'पूअर लेडी' कहने वाले बयान पर उनके खिलाफ बिहार के मुजफ्फरपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। सुधीर ओझा नाम के एक वकील ने शनिवार को सीजीएम कोर्ट में यह शिकायत दी। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया। मामले की सुनवाई 10 फरवरी को होगी। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी सह-आरोपी बताया है और उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की।



याचिकाकर्ता का कहना है कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपमानित करने की कोशिश की है। बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी ने उन पर जो टिप्पणी की थी, वह बेहद आपत्तिजनक थी। ओझा ने कहा कि राष्ट्रपति जी महिला हैं और आदिवासी समुदाय से आती हैं, उनके खिलाफ यह टिप्पणी आपत्तिजनक है। बता दें राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए वहीं, राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को उबाऊ कहा था।

## भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियानों में जुटे

### पालिका अध्यक्ष अपने वादों को पूरा करने में असफल , कांग्रेस विपक्ष में रही निष्क्रिय

**महेन्द्र सहिस की रिपोर्ट**

**गरियाबंद।( विश्व परिवार )।** नगर पालिका चुनावों के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियानों में जुटे हुए हैं, जिससे भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।



विदित हो कि पिछले कार्यकाल में पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर में विकास के नाम पर डामरी कृत सड़क, पेयजल, विद्युतीकरण विस्तार , बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला एवं पेवर ब्लॉक जैसे कार्य तो किया गया। किंतु तालाब सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत होने के बावजूद मूलभूत सुविधा निस्तारी की समस्या , गरियाबंद शहर को धूल मुक्त करने में नाकाम साबित हुए। वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बारिश के पूर्व नाली सफाई कार्य के लिए फंड जरूर आता है लेकिन पिछले 4 वर्षों से मेंन नाली सफाई का कार्य किया ही नहीं गया, जहां नाली जाम हुआ वहीं सफाई की गई। पालिका अध्यक्ष अपने वादों को पूरा करने में असफल रहे हैं,जिससे जनता में असंतोष बढ़ा है। वहीं, विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस की निष्क्रियता ने भी मतदाताओं को निराश किया है।

ऐसी स्थिति में, जनता के सामने दोनों प्रमुख दलों के प्रति विश्वास का संकट उत्पन्न हो गया है। मतदाता अब सोच रहे हैं कि किस पार्टी पर भरोसा किया जाए। चुनाव में उम्मीदवारों की योग्यता, उनकी नीतियाँ, और पिछले कार्यकाल के प्रदर्शन जैसे कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा, स्थानीय मुद्दों पर ध्यान देने वाली और जनता की समस्याओं का समाधान करने वाली पार्टी को जनता का समर्थन मिलने की संभावना अधिक होगी। चुनाव के नतीजे इस बात पर निर्भर करेंगे कि कौन सी पार्टी जनता की अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से समझती है और उन्हें पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन देती है।

## अंडर-19 विमेंस टी20: भारत लगातार दूसरी बार वर्ल्डचैंपियन

**कुआलालंपुर ( ए )।** भारत ने लगातार दूसरी बार विमेंस अंडर-19 टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया। 2023 में हुए पहले टूर्नामेंट को भी भारत ने जीता था। रविवार को कुआलालंपुर में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 82 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में 1 विकेट पर 83 रन का टारगेट हासिल कर लिया। जी त्रिषा ने 33 बॉल पर 44 रन की पारी खेली। उन्होंने 3 विकेट भी झटके। त्रिषा प्लेयर ऑफ द फाइनल रहीं। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। त्रिषा ने अपना अवॉर्ड पिता को समर्पित किया।




दैनिक
# विश्व परिवार

## स्मृति महोत्सव विशेष

रायपुर, सोमवार 03 फरवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### एनआईटी रायपुर में टेकफेस्ट आवर्तन का हुआ समापन, टीम केयर कैटलिस्ट बनी ओवरऑल विनर



**रायपुर (विसं)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के तकनीकी समिति %टेक्नोक्रेसी% ने 2 फरवरी 2025 को वार्षिक टेक-फेस्ट 'आवर्तन 2025% का समापन किया। आवर्तन'25 ने तकनीकी कौशल, नवाचार और प्रतिस्पर्धा की अद्भुत झलक प्रस्तुत की। इस उत्सव का आयोजन डॉ. मनु वर्धन, प्रोफेसर इन-चार्ज, टेक्नोक्रेसी के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा और रचनात्मक दिमागों की तकनीकी क्षमता को बढ़ाना था।

दिनभर में उपस्थितों ने विज्ञान प्रदर्शनी, एस्केप द मेट्रिक्स, जेंगा, कॉर्नहोल, कोड स्प्रिंट रिले, एकोपोलिस, ड्रोन रेसिंग, मॉक सीआईडी, अगोन गेम्स, पिक्सल प्लेग्राउंड, रिवर्स कोडिंग, टेक्नोग्राफिक्स, और फुटबॉल ग्राउंड पर अत्यधिक प्रतीक्षित रोबो शो जैसे रोमांचक प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। इन आयोजनों ने छात्रों को अपनी तकनीकी क्षमता, रणनीतिक सोच और समस्या-समाधान कौशल को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।

समापन समारोह में सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी, एनआईटीआरआरएफआईई के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. अनुज शुक्ला और टेक्नोक्रेसी के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. मनु वर्धन ने भाग लिया। महिलाओं स्वास्थ्य के प्रमुख ब्रांड मातृ के सह-संस्थापक रोनी मोंडल ने 2018 से अपनी यात्रा साझा की, जिसमें आईआईटी पटना के सीड ग्रांट समर्थन, 10,000 यूनिट बेचने और ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर अपने डिवाइस में सुधार पर उन्होंने प्रकाश डाला। उन्होंने इसके काम करने के तरीके, पल्स पैटर्न और दर्द कम करने के लाभों के बारे में बताया।

रोबो शो में चिट्टी नामक रोबोट दिखाया गया, जो इशारों के आधार पर मानवीय क्रियाओं की नकल करते हुए नृत्य और पुश-अप करता था।卐विज्ञान卐 साइंस एक्जीबिशन के विजेता टीम केयर कैटालिस्ट थे, जबकि टीम स्ट्रेटासेफ ने उपविजेता स्थान हासिल किया। प्रत्येक शाखा के लिए विजेता और उपविजेता भी घोषित किए गए, और सभी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन समापन समारोह के साथ हुआ, जिसके साथ आवर्तन 2025 का बड़े उत्साह और उपलब्धि की भावना के साथ समापन हुआ।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर तीन प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर (विसं)।** बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यों में लापरवाही और उदासीनता बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तीन प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिन प्रधान पाठकों को नोटिस जारी किया गया है सुनील राजपूत (प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला मौहाभाटा), नवीन दास गोस्वामी (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला नवागांवखुर्द) और होरिलाल घृतलहरे (हेड मास्टर, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़िया) शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होता है, तो इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।




### निर्वाचन ड्यूटी से असमर्थता पर दो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर (विसं)।** बेमेतरा जिले के दो शिक्षकों को नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के लिए निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक एलबी गेंदराम डेहरे ग्राम जोगीपुर एवं चन्द्रिका प्रसाद शिक्षक एलबी ग्राम खैरझिटी द्वारा निर्वाचन ड्यूटी करने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने उन्हें निर्देशित किया है कि 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आरंग में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का संकल्प



**आरंग (विसं)।** भारतीय जनता पार्टी के नगरीय निकाय चुनाव कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन आरंग नगर के माई की बगिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, छत्तीसगढ़ शासन) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चुनाव प्रभारी चंदूलाल साहू, रायपुर नगर निगम के चुनाव प्रभारी विकास मरकाम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आरंग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजपा अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ. संदीप जैन, मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, पार्षद प्रत्याशीगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गुरु साहेब ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ चुनाव में जुटने का आह्वान किया और जनता से भाजपा प्रत्याशियों को भारी समर्थन देने की अपील की।

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने भाजपा को समर्थन देने का संकल्प लिया और निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने का विश्वास व्यक्त किया।

## वाहनों के महाकुंभ (ऑटो एक्सपो) में महाबचत का लाभ पाने के अंतिम 13 दिन

**रायपुर (विसं)।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के द्वारा आयोजित वाहनों के महाकुंभ (ऑटो एक्सपो) में महाबचत का लाभ पाने के अंतिम 13 दिन रह गए हैं। इसलिए कि 15 फरवरी आखिरी तारीख है। वैसे हजारों लोग अब तक यहां आ चुके हैं, यही वजह है कि एक दिन पहले के आंकड़ों के मुताबिक यहां हुए सेल के मुताबिक आरटीओ को 54 करोड़ और जीएसटी विभाग को 450 करोड़ रुपए मिल चुके हैं वहीं कस्टमर को भी आधा अरब रुपए से अधिक का फायदा हो चुका है। बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त पर काफी संख्या में रविवार को एक्सपो पहुंचे लोगों ने वाहनों की बुकिंग करायी। पहली फरवरी को 598 वाहनों की बिक्री हुई। आज बजाज चेतक ईवी की लांचिंग की गई। मेटा क्लीनिक के सहयोग से आज फ्री हेल्थ चेक अप कैम्प का आयोजन भी एक्सपो में किया गया था जिसमें स्टाल होल्डर्स व स्टाफ के अलावा पहुंचे हुए लोगों ने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। रविवार को आदिम जाति कल्याण,कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होने खेती किसानी में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर डिवीजन सहित अन्य स्टालों का निरीक्षण किया।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि ऑटो एक्सपो में अब 13 दिन शेष रह गए हैं इसलिए ऑटोमोबाइल डीलर्स चाह रहे हैं कि अधिकाधिक लोग इसका लाभ लें ताकि चूक जाने का उन्हे मलाल न रहे।

## बसंत पंचमी को यादगार बनाने पीपला ने लगाया आम के पौधे

### प्रकृति को संवारने लगातार कर पौधरोपण



**आरंग (विश्व परिवार)।** रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर नगर के सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने नगर के हाईस्कूल मैदान में आम के पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया।

ज्ञात हो कि यह संगठन नगर में लगातार पौधरोपण कर उसे सुरक्षित कर रहे हैं।फाऊंडेशन के सचिव अभिमन्यु साहू ने बताया बसंत पंचमी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विशेष रूप से पूजा आराधना होती है। साथ ही मां सरस्वती को आम्र मंजरी चढ़ाई जाती है। इसलिए फाउंडेशन के सदस्यों ने आम का पौधा लगाकर जनमानस को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दिए। पौधरोपण पश्चात लगाये पौधे की सिंचाई व सुरक्षित भी किया गया।इस तरह यह संस्था विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर नगर में हरियाली लाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। वही पौधरोपण में फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, सक्रिय सदस्य होरीलाल पटेल,राकेश जलक्षत्री, भागवत जलक्षत्री,बसंत सोनकर ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## रायपुर क्षेत्र के बिजली कर्मियों को पुरस्कार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कम्पनी लिमि., गुढ़ियारी रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में ''गणतंत्र दिवस'' के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने रायपुर षहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उत्कृश्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

चयनित कर्मियों कार्या.सहायक श्रेणी-दो श्रीमती कीर्ति षुक्ला, कार्या.सहायक श्रेणी-एक श्री परसराम कृश्णानी, कार्यपालन अभियता श्री ताराचंद साहू, कार्या.सहायक श्रेणी-दो श्री राकेष कुमार वर्मा, परि.श्रेणी-दो(ला.) श्री प्रदीप कुमार यादव, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक श्री योगेष्वर वर्मा एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र से सर्वश्री सहायक अभियंता नंदकिषोर चैधरी, कार्या. सहायक श्रेणी-एक श्री प्रहलाद कुमार साहू, लाईन परिचारक (संविदा) श्री जागेन्द्र कुमार नेताम , परि.श्रेणी-एक(ला.) श्री मनोज कुमार देवांगन, परीक्षण सहायक श्रेणी-एक श्री मनोज कुमार धृतलहरे, परि.श्रेणी-एक(ला.) श्री खेमलाल साहू को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रषस्ति-पत्र एवं प्रोत्साहन राषि प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। लेखा प्रषिक्षण का.स.श्रे.-दो श्री लक्ष्मीकांत साहू एवं तकनीकी प्रषिक्षण में परिचारक लाइन श्री अमन दुबे को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। श्री जामुलकर ने कहा कि विद्युत विकास में अहम भूमिका निभाने वाले विद्युतकर्मी श्रेष्ठ और सम्मानीय है।राज्य के विकास में हमारी अहम सहभागिता दर्ज है ,इस कार्य को करने के पीछे टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्हें चिन्हित कर उचित सम्मान प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने पुरस्कृत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी।

## एक ही मशीन में अध्यक्ष और पार्षद दोनों के लिए होगी वोटिंग



**खरोरा (विश्व परिवार)।** निकाय चुनाव के लिए 11 तारीख को मतदान होना है और चुनाव आयोग मतदाता को कोई दिक्कत न हो इसमें भीड़ गई है इसका मुख्य कारण इस बार वोटिंग मतपत्र की जगह ई. व्ही. एम. मशीन से होने है और वो भी अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदाता को एक ही मशीन से वोट देना होगा सही सुन रहे है इस बार एक मशीन से अध्यक्ष और पार्षद पद दोनों के लिए वोटिंग करना होगा जिसके जागरूकता हेतु चुनाव आयोग सभी नगरीय निकाय में डेमो मशीन के द्वारा जनजागरूकता फैलाने का काम कर रही है इसी क्रम में नगर पंचायत खरोरा में भी वार्डवार शिविर लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि किस प्रकार मशीन के ऊपरी भाग जहाँ सफेद पर्ची में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिन्ह छपे होंगे वही उसके नीचे गुलाबी पर्ची में पार्षद पद के अभ्यर्थियों के नाम और चुनाव चिन्ह दिए होंगे नगर पंचायत खरोरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर पंचायत चुनाव के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होरी सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि नगर के सभी सहगोचर स्थलों का चयन कर प्रशिक्षित दल के का गठन किया किया गया है जिनके द्वारा वार्ड वार्ड में शिविर लगाकर मगदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है इस इस हेतु नगर पंचायत द्वारा अपील भी किया है कि आप अपने वार्ड के शिविर स्थल पर जाकर डेमो रिहर्सल कर सकते है और खुद भी जागरूक होकर औरो को भी इस हेतु जागरूक कर सकते है ताकि शत प्रतिशत मतदान हो । यह जनजागरूकता शिविर प्रथम चरण में 02/02/2024 से 04/02/2024 तक चलेगी जिसमे नगर के सभी 15 वार्डो को कवर करने का लक्ष्य है जनजागरूकता के लिए नगर के आंगनबाड़ी, सरकारी कार्यालयों का चयन किया गया है द्वितीय चरण में पुन: पूरे 15 वार्डो में जनजागरूकता फैलाया जाएगा।

## निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पांडेय पहुंचे



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** शासन की महत्वकांक्षी योजना भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल परिसर का निर्माण नगर निगम भिलाई में नेशनल हाईवे के समीप अटल परिसर का भव्य निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का नक्शा सभी संभाग का अलग रंग में चिन्हण लाईट, बागवानी, फूलवारी, अटल जी की कविताओं का संगीतमय गायन के साथ बीच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का 6 फीट आदम कद प्रतिमा लगायी जायेगी। जिसकी लागत राशि 50 लाख के लगभग है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय आज जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर निरीक्षण करने गये। वहां हो रहे निर्माण की पूरी जानकारी प्राप्त किये और पूरी गुणवत्ता के साथ समय अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किये। ततपश्चात गांधी विद्यापीठ राधिका नगर में सफाई व्यवस्था को देखे। वहां घर-घर जाकर निवासियो से स्वयं पूछे कि सफाई का रिक्शा आता है कि नहीं। नालियों की सफाई कितने दिनों में किया जाता है। आपके घरो से प्रतिदिन कचरे का उठाव हो रहा है या नहीं। साथ ही यह भी कहे की कचरा देने में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो संबंधित जोन के अधिकारी से बात कर समस्या का निराकरण शीध्र करावे।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बर्डफ्लू रोग के रोकथाम हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित, सतर्कता बरतने के लिए दिशा-निर्देश जारी

### बाहर से आने वाले पोल्ट्री एवं पोल्ट्री उत्पाद के जांच के निर्देश

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के रायगढ़ जिले मे बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि होने के पश्चात भारत शासन के निर्देशानुसार बर्डफ्लू रोग नियंत्रण एवं रोकथाम सम्बन्धी दिशा-निर्देश का पालन किया जाना है। इस दिशा में कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जिले में पशुधन एवं पक्षियों में बीमारियों के रोकथाम एवं सतत् निगरानी हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। बर्डफ्लू रोग के नियंत्रण एवं सर्वलांस के लिए सभी एहतियाती पहल किए जाने के निर्देश पशु चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त उपसंचालक सहित वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, प्रभारी, पशु चिकित्सालय, प्रभारी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, प्रभारी पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला और प्रबंधक शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र को दिए गए हैं। वहीं बाहर से आने वाले पोल्ट्री एवं पोल्ट्री उत्पाद का जांच सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बर्डफ्लू रोग पक्षियों का संक्रामक एवं घातक रोग है जिससे बैकयार्ड पोल्ट्री पालक एवं पोल्ट्री व्यवसायों को अत्यधिक हानि होता है एवं यह रोग मनुष्यों को भी संक्रमित करता है। राज्य के सीमा पार से बर्ड फ्लू रोग के प्रवेश रोकने एवं पक्षियों में असामान्य बीमारी एवं मृत्यु हेतु सतर्क रहें। बर्ड फ्लू रोग के प्रवेश रोकने संबंधी तैयारी एवं सतर्कता संबंधी कार्ययोजना का अक्षरश: पालन करें। भारत सरकार के गाईड लाईन्स में दिये गये सैम्पल साईज का पालन करते हुये नमूने एकत्र कर राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। विकरीय सामग्री विक्रय करने वाले बाजार, पोल्ट्री मार्केट, चेन सप्लाई एरिया, बतख पालन प्रक्षेत्र एवं जंगली व अप्रवासी पक्षियों के इलाको में विशेष निगरानी सुनिश्चित किया जाए। अचानक पक्षियों यथा बतख, कौवे, कुक्कुट एवं प्रवासी पक्षियों की बड़ी संख्या में मृत्यु होने पर बायो-सेक्यूरिटी नियमों का पालन करते हुये मृत पक्षियों का नमूना एकत्र कर राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर से समन्वय बनाकर केन्द्रीय अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाए।

बर्डफ्लू रोग के नियंत्रण की दिशा में वन विभाग से समन्वय स्थापित कर अक्सर अप्रवासी पक्षियों के देखे जाने वाले क्षेत्र जैसे नेशनल पार्क, राष्ट्रीय अभ्यारण्य, पोखर, झील को चिन्हांकित कर उन इलाकों के समीप पोल्ट्री पॉपुलेशन सर्वलांस एवं सेरो सर्वलांस हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करें। विभागीय गतिविधियों, शिविरों, पशुपालक गोष्ठी आदि के माध्यम से बर्डफ्लू रोग के लक्षण बचाव के विषय में प्रचार-प्रसार द्वारा पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों को बर्ड फ्लू रोग के जुनेटिक महत्व एवं रोकथाम संबंधी जानकारी से अवगत कराया जाए। बैकयार्ड पोल्ट्री एवं व्यवसायिक पोल्ट्री से जुड़े सभी लोगों को पक्षियों में असामान्य बीमारी एवं मृत्यु की सूचना तुरंत निकटतम पशु चिकित्सा संस्था में देने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। भारत सरकार के गाइड लाईन्स में रोग उदभेद की स्थिति से निपटने आवश्यक उपकरण, रसायन एवं पीपीई किट तैयार रखा जाए। जिले के शासकीय एवं निजी पोल्ट्री फार्म, पोल्ट्री प्रक्षेत्र, पोल्ट्री व्यवसायिक केन्द्र इत्यादि में जैव सुरक्षा के सभी नियमों से अवगत कराने सहित पालन किये जाने संबंधी निर्देश पारित किया जाए। बर्ड फ्लू रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम सम्बन्धी कार्यों का प्रतिवेदन नियमित तौर पर प्रस्तुत किया जाए।

### छह शिक्षकों निलंबित

**रायपुर (विसं)।**बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत मतदान दलों के 2 फरवरी 2025 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थिति और निर्वाचन कार्यों में उदासीनता बरतने के फलस्वरूप कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित शिक्षकों में विकास कुमार वर्मा (सहायक शिक्षक, स्वामी आत्मानंद स्कूल, ठेलका), निर्मल ठाकुर (व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), कमलेश कुमार वर्मा (हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरतरा), नागेश्वर चौहान (सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला, केशतरा), मनोज कश्यप (शिक्षक एलबी, शासकीय माध्यमिक शाला, घिवरी) और चैन सिंह ठाकुर (शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, कोंगियाकला) शामिल हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18040/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 02-02-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18040
वार्ड का नाम- 40 - ठाकुर प्यारेलाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR759A00044 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MR. DADULAL पिता/पति, श्री/श्रीमती ARJUNLAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NIRMALENDU SAHA पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. NITAICHANDRA SAHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आठवां पेश किए गए बजट को विपक्षियों ने गलत बताया तो सत्ता पक्ष के नेताओं ने इसे जनहित में संतुलित तो बुद्धजीवी वर्गों ने राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक बजट

गोपाल सिंह विद्रोही


सुभाष गोयल


अजय गोयल


राजेंद्र ठाकुर गुड्डू


नीतीश भारद्वाज सी ए


सीती कांत स्वाई


अनु शर्मा


बलराम शर्मा


सजल मित्रा


अमित गोयल

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने लगातार आठवीं बार बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने भले ही लगातार आठवीं बार बजट प्रस्तुत कर अपना रिकॉर्ड बना लिया हो परंतु उनके द्वारा पेश किए गए बजट पर विपक्ष पार्टी के नेता इस बजट को जनहित के खिलाफबताया तो वहीं सत्ता से जुड़े नेताओं ने इसे राष्ट्र एवं समाज का सर्वांगीण विकास के लिए जनहित में महत्वपूर्ण बजट बताया है।

### छत्तीसगढ़ को ठगने वाला बजट-सुभाष गोयल

राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य सुभाष गोयल ने कहा की इस वर्ष के केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ को छला गया हैब्बेरोजगारी दूर करने को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है।यह बजट भारत देश का बजट न होकर बिहार सरकार का बजट जैसा प्रतीत होता है।किसानो को भी छला गया। एम एस पी का कोई जिक्र नहीं।सिर्फ और सिर्फ अदानी अंबानी और बिहार का बजट है ।

### पंडित बलराम शर्मा -वरिष्ठ अधिवक्ता

सूरजपुर जिला के वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित बलराम शर्मा कहते हैं इनकम टैक्स के लिए 12 लाख तक इनकम पर छूट तो अच्छी बात है लेकिन मध्यम वर्ग पर जो महंगाई की मार है उसके संबंध में कोई अच्छे उपाय नहीं किए गए हैं सरगुजा पांचवी अनुसूची क्षेत्र है इसे पांचवी अनुसूची क्षेत्र से कैसे स्वरोजगार और गरीबी हटाकर किया जा सकता है सरकार ने इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया है रेलवे के संबंध में भी कोई बजट नहीं है। बड़े शहरों की तरक्की भारत की तरक्की नहीं है जब तक गांव उन्नत और समृद्धि साली नहीं होंगे तब तक देश खुशहाल नहीं होगा सामान्य से ऊपर नहीं है यह बजट।

### बजट महिलाओं किसने को किया निराश -अनु शर्मा -ग्रहणी एवं कांग्रेस नेत्री

कृषि के क्षेत्र में30,0000 रु रन की सीमा 5 लाख की गई है जो कम है। किसानों को जब तक सुविधा जनक री प्रधान नहीं किया जाएगा। खेती उन्नत नहीं होगी ।बजट में महिलाओं के लिए एवं युवा महिलाओं के लिए कुछ विशेष नहीं है ,जो दिशा दिखाएं साधारण बजट है छत्तीसगढ़ सरगुजा के लिए कुछ नहीं है जो निराशाजनक है।

### मोबाइल टीवी कार खरीद कर क्या करेंगे?-श्रमिक नेता सजल मित्रा

एटक यूनियन के लोकप्रिय श्रमिक नेता सजल मित्र कहते हैं वित्त मंत्री ने बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के बजाय, बेरोजगारी दूर करने के बजाए , पढ़ाई सस्ती करने के बजाए युवाओं की मनोरंजन के लिए टीवी ,मोबाइल, घूमने के लिए कार को सस्ता कर युवा पीढ़ी से मजाक कर रही है।

### मध्यम वर्ग के लिए वरदान है यह बजट-नितीश भारद्वाज सीए

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवा सी ए नितीश भारद्वाज का मानना है कि बजट में आयकर में बहुत बड़ी छूट का ऐलान किया गया है।1200000 रु तक की आए एवं वेतन भोगियों के लिए 12.75 लाख आए में टैक्स नहीं लगेगा जो मध्यम वर्ग के लिए वरदान साबित होगा।100000रु आय वाले वाले व्यक्तियों को बहुत बड़ी राहत दिलाएगा यह बजट ।जीवन रक्षक दवाओं के साथ बैटरी एवं एलइडी डिस्पले पर कस्टम ड्यूटी कम होने से इसकी कीमत कम होगी। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण जी ने इस बजट में नागरिक को अर्थव्यवस्था एवं नवाचार पर निवेश करने की बात कही है, जिसके अंतर्गत पीएम धन-धान्य कृषि योजना ,सक्षम आंगनबाड़ी स्कूलों एवं ब्रांड बैंड कनेक्टिविटी आईआईटी कॉलेज में क्षमता को दुगना करना सेंटर आफएक्सीलेंस एवं सेंटर आफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्थापना सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना वास्तव में या बजट वरदान लेकर आया है

### संतुलित बजट में प्रत्येक वर्ग का ख्याल रखा गया है ,देश में समृद्धि आएगी -अमित गोयल सीटू

सरगांवा का पैलेस दी रिसॉर्ट अंबिकापुर सरगुजा ब्रिक्स इंडस्ट्रीज के संचालक अमित गोयल सीटू का मानना है कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संतोषजनक एवं संतुलित बजट है। देश सर्वांगीण विकास के लिए इस बजट के लिए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को प्रशंसा करनी चाहिए श्री गोयल ने आगे कहा कि मध्यम वर्ग के लिए यह बजट अमृतवाणी साबित होगा पीएम कृषि धन-धन योजना से सरगुजा एवं बस्तर के किसानों को लाभ पहुंचेगा महिलाओं विद्यार्थियों एवं आम जनों के लिए यह बजट बहुत ही जरूरी था।

### प्रत्येक वर्ग का बजट में रखा गया है ख्याल- सीती कांत स्वाई

नवीन नगर पंचायत शिवनंदनपुर के सदस्य एवं भाजपा नेता सीती कांत स्वाई का मानना है कि चाय किसान और उद्योग के क्षेत्र या मेडिकल के क्षेत्र हो हर वर्ग का इस बजट में रखा गया है ख्याल निवेशकों के लिए भी फायदेमंद होगा यह बजट कि देश की समग्र विकास के लिए यह बजट रामबाण साबित होगा।

### अजय गोयल-अभिभाजित सरगुजा एवं सूरजपुर पूर्व भाजपा अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के अभिभाजीत सरगुजा एवं सूरजपुर जिला के पूर्व अध्यक्ष अजय गोयल का मानना है कि यह बजट सभी वर्गों के लिए फायदेमंद का बजट है। युवा उद्यमियों के लिए स्टार्टअप वाले उद्यमियों के लिए 20 करोड़ तक का क्रेडिट गारंटी, युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला साबित होगा ,यह बजट नौकरी के लिए बाहर जाने वाले युवाओं पर ब्रेक लगाने का काम करेगा। वैज्ञानिक सोच रखने वाला यह बजट है। विद्यालयों को ब्रांड बैंड कनेक्टिविटी और लाइव की सुविधा बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देगा ।यह बजट सभी वर्गों के लिए अमृत कलश साबित होगा।

### राजेंद्र ठाकुर गुड्डू - प्रदेश उपाध्यक्ष सेन समाज

सेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर गुड्डू का मानना है कि यह बजट आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार पैदा करने वाला बजट है ।संतुलित बजट है। मध्यम वर्ग का ख्याल ज्यादा रखा गया है जो अब तक मध्यम वर्गीय परिवार आटा चक्की के दो पहिया के बीच पिसे जाते थे उन्हें राहत मिली है ।यह बजट कृषि चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई सहित सभी सेक्टर के लिए पर्याप्त बजट है का प्रावधान किया गया है देश के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार का मंच मिलेगा जीडीपी का 4.4ब रहने का अनुमान है जो अच्छा एवं शुभ संकेत है ।समावेशी एवं संतुलन बजट है ।मध्यम वर्ग के लिए वरदान है ,जिनके आए 12 लाख है उन्हें कर से मुक्त रखा गया है ,जो मध्य वर्गीय परिवार के लिए वरदान साबित होगा।

## खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में आगे बढ़ाने हर संभव सहायता दिया जाएगा-कलेक्टर रोहित व्यास

**जशपुर( विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज कलेक्टर मंत्रणा सभागार में जिले के अंतर्गत समस्त खेल संघो एवं खेल प्रशिक्षकों का बैठक लिया गया। खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में आगे बढ़ाने और उनको जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विस्तार से चर्चा की गई उन्होंने जिले के खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं खेल अधो संरचनाओं के विकास पर विस्तार चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ,डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास राव मस्के जिला खेल अधिकारी और रोजगार अधिकारी सुश्री दुर्गेशवरी सिंह प्राचार्य श्री विनोद गुप्ता उपस्थिति थे। बैठक में सभी खेल संघों का विभाग में पंजीयन जिले में पूर्व से स्थित खेल अधोसंरचनाओं के विकास ,मरम्मत पर आवश्यक चर्चा। विभिन्न खेल गतिविधियों हेतु खेल उपकरण , प्रशिक्षण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के संबंध में आवश्यक चर्चा किया गया।

## निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में चांदनी बिहारपुर के नवीन महाविद्यालय में कॉलेज के विद्यार्थियों, शा.उ.मा.वि. एवं शा.क.उ.मा.विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल एवं परियोजना अधिकारी श्री जागेश्वर साहू उपस्थित थे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने सभी कॉलेज विद्यार्थियों को निष्पक्ष मतदान करने एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र छात्राओं को आने वाले पंचायत चुनाव में अपने घरो से शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में मतदान करते समय निर्भीक होकर धर्म एवं वर्ग जाति समुदाय भाषा से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष मतदान करना है। साथ ही सभी को बताना है कि खाने पिने का प्रलोमन भी लोग देंगे। लेकिन इन सब प्रलोमन में आना नही है और निष्पक्ष एवं शांति पुर्ण मतदान करना है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं से पुछा कि पढ़ लिख कर क्या करना चाहोगी तो ज्यादातर बालिकाओं ने नौकरी की बात कही, जिस पर श्री मनोज जायसवाल ने बालिकाओं को समझाते हुए कहा कि खुब पढ़ो और पढ़ लिख कर अपने गांव एवं देश सेवा को भी चुनो, इसका समस्त माध्यम जनप्रतिनितध बनना है।

# छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में 100 अत्याधुनिक नंद घर स्थापित करेगा वेदांता

### साझेदारी के तहत सक्ती जिले की 100 ब्राउनफील्ड आँगनवाड़ियों को आधुनिक नंद घरों में तब्दील किया जाएगा




**कोरबा(विश्व परिवार)।** सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, वेदांता ग्रुप अपनी प्रमुख महिला और बाल विकास पहल 'प्रोजेक्ट नंद घर' के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सक्ती जिले में 100 नंद घर स्थापित करेगा। यह महत्वाकांक्षी परियोजना वेदांता की सामाजिक प्रभाव शाखा अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (आफ) और सक्ती जिले के महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग के बीच साझेदारी के तहत चलाई जा रही है, जिसके लिए हाल ही में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट (वीएलसीटीपीपी) द्वारा समर्थित है। सिंघीतराई में वीएलसीटीपीपी का निर्माणाधीन थर्मल पॉवर प्लांट है, जिसकी कुल क्षमता 1,200 मेगावाट है। सक्ती के महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने 100 ब्राउनफील्ड आँगनवाड़ियों की सूची तैयार की है, जिन्हें आधुनिक नंद घरों में बदलने का काम किया जाएगा। 'प्रोजेक्ट नंद घर' वेदांता ग्रुप की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो पारंपरिक आँगनवाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाओं में बदलकर समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। सक्ती जिले के महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सुधाकर बोदले ने समुदाय के विकास के प्रति वेदांता ग्रुप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा, हमारे जिले की आँगनवाड़ियों को नंद घरों में बदलने के उद्देश्य से अनिल अग्रवाल फाउंडेशन और वीएलसीटीपीपी के बीच हुई महत्वपूर्ण साझेदारी वास्तव में सराहनीय है। ये आधुनिक केंद्र एक बेहतर इकोसिस्टम से लैस होंगे, जिससे हमारे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा और महिलाएँ सशक्त बनेंगी। मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी नए अवसर उत्पन्न करेगी और सक्ती जिले के जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। श्री शशि अरोड़ा, नंद घर के सीईओ ने कहा, मैं छत्तीसगढ़ सरकार और सक्ती जिले के महिला और बाल विकास विभाग का आभारी हूँ, जिन्होंने हमें 100 मौजूदा आँगनवाड़ियों को तकनीकी दृष्टि से उन्नत नंद घर केंद्रों में बदलने की जिम्मेदारी दी है, ताकि बच्चों और महिलाओं का समग्र विकास हो सके। 15 राज्यों में पहले से 7,000 से अधिक नंद घर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, और यह हमारा सौभाग्य है कि हम 5 लाख से भी अधिक बच्चों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दे रहे है। हम इस यात्रा को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि बच्चों की देखभाल के क्षेत्र में क्राँति लाई जा सके। हमारा मुख्य ध्यान कुपोषण से लड़ने, प्री-प्राइमरी शिक्षा को बेहतर बनाने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर है। हम राज्य और केंद्र सरकारों के साथ मिलकर समुदायों को सशक्त बनाने और स्थायी बदलाव लाने के लिए काम कर रहे हैं। देवेंद्र कुमार पटेल, वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पॉवर प्लांट के मुख्य प्रचालन अधिकारी ने परियोजना की शुरुआत पर बोलते हुए कहा, वेदांता समूह के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम बड़े पैमाने पर महत्वपूर्ण निवेश कर रहे हैं, ताकि सामुदायिक विकास को बढ़ावा दिया जा सके और जरूरतमंदों को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। नंद घर पहल सक्ती जिले के बच्चों और महिलाओं के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है, जो परिवर्तनकारी अवसर प्रदान करती है और सतत विकास को प्रोत्साहित करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी दस्तावेजों से खरीदा ट्रैक्टर, दो गिरफ्तार

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** दिनांक 02.10.2020 को आवेदक सतीश अग्रवाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आवेदक कुशल ट्रैक्टर्स के स्वराज ट्रैक्टर शोरूम का संचालक है। आरोपी मथुरा प्रसाद बंजारे द्वारा कुटरचित दस्तावेज के माध्यम से उसके संस्थान से 02 नग स्वराज ट्रैक्टर, ट्रॉली, नांगर आदि कुल कीमती रू. 12,30,000 का बेईमानी पूर्वक कर धोखाधड़ी किया है। आरोपी द्वारा ना ही पैसा दिया गया, और ना ही ट्रैक्टर को वापस किया गया। इसके अलावा आरोपी मथुरा प्रसाद द्वारा भागो भाई नाम की महिला के नाम से ट्रैक्टर लिया गया था, जो की महिला का मूल नाम अमरिका बाई है तथा आरोपी मथुरा प्रसाद एवं अमरिका बाई दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 388/2020 धारा 420,419,467,468,471,34 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा गहन छानबीन एवं जांच विवेचना कार्रवाई करते हुए प्रकरण में दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिनसे पूछताछ करने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कुशल ट्रैक्टर्स से ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य सामान लेना तथा ट्रैक्टर खरीदी रकम संचालक को नहीं देना। इसके साथ ही उक्त ट्रैक्टर को उत्तर प्रदेश में किसी अन्य व्यक्ति को बेच देना बताया गया।

### फांसी के फंदे पर 27 वर्षीय युवक की लाश मिली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के ग्राम गोढ़ी गांव में एक युवक की फांसी के फंदे से लटकती हुई लाश मिली है। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार एक 27 वर्षीय युवक की फांसी के फंदे में लटकती लाश मिली हैं। मृतक की पहचान ग्रामनिवासी रोशन खड़िया के रूप में की गयी हैं। सुबह ग्राम के बाहर उसका शव फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही पश्चात शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही हैं।

### चाकू लेकर लोगों को आतंकित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** दिनांक 31.01.2025 को प्रार्थिया द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 31.01.2025 को उसका पति समान लेने दुकान गया था, कि इसी बीच आरोपी धीरज टंडन द्वारा पुरानी बात को लेकर उसके पति को गंदी गंदी गालियां देते हुए अपने हाथ में रखे एक लोहे का धारदार चाकू को लहरा कर जान से मारने धमकी देते हुए उसके पति पर हमला किया गया है। इसे देख प्रार्थीया द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा उसके साथ भी मारपीट किया गया, जिससे प्रार्थिया को चोंटे आई हैं। की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 65/2025 धारा 296,115(2),351(2) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धीरज टंडन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पुरानी बात को लेकर प्रार्थिया एवं उसके पति के साथ मारपीट करना एवं लोहे का धारदार चाकू दिखाकर उन्हें धमकी देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 01.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है

### पुलिस अफसर बनकर सोने के जेवर ले उड़े ठग

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में ठगी का मामला सामने आया है, जहां दो अज्ञात बाइक सवारों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर युवक से सोने की आठ अंगूठियां लेकर नकली गहने थमा दिए। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी भुनेश्वर सूर्यवंशी, जो शिक्षक कॉलोनी मंगला में रहते हैं और अमेरी चौक स्थित कार वर्कशॉप में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, हर दिन अपने घर खाना खाने आते-जाते हैं। 30 जनवरी को दोपहर करीब 2:45 बजे, जब वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी 36 माल के आगे पेट्रोल पंप के पास दो अज्ञात बाइक सवारों ने उन्हें रोका। दोनों ठगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि आगे मर्डर हुआ है, इसलिए वे अपनी सोने की अंगूठियां जेब में रख लें। इसके बाद एक आरोपी ने कहा कि अंगूठियां बड़े साहब को गिनने और रजिस्टर में एंट्री के लिए देनी होंगी। भरोसा कर प्रार्थी ने अपनी आठ सोने की अंगूठियां (वजन 20 ग्राम, कीमत 74,300 रुपए) उन्हें सौंप दी। फिर आरोपियों ने अंगूठियां कागज में लपेटकर लौटाई और कहा कि वे उनके घर तक छोड़ने आएंगे।

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर सोमवार 03 फरवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



# संपादकीय

## तेजस्वी यादव चलाएंगे पार्टी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की कमान अब पूरी तरह तेजस्वी यादव के कंधों पर होगी। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में यह तय हुआ कि तेजस्वी यादव पार्टी चलाएंगे। हालांकि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद यादव ही बने रहेंगे, लेकिन अब पार्टी की बागडोर तेजस्वी यादव के हाथों में होगी। चुनाव में उम्मीदवारों को सिंबल देने का अधिकार भी अब तेजस्वी के पास होगा, जो पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास होता था। लाजिमी है कि एक तरफ पार्टी में तेजस्वी युग का आगाज हो गया तो दूसरी ओर लालू परिवार में भी सियासत' शुरू होने की आशंका है। क्योंकि मीसा यादव और राहिणी भी राजनीति में सक्रिय हैं, जबकि तेजप्रताप भी मां राबड़ी के ज्यादा करीब हैं और अपने बयान के जरिये सुर्खियों में रहते हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षो से तेजस्वी ही पार्टी का कामकाज देख रहे थे, लेकिन चुनाव के समय लालू यादव की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती थी। अब यह जिम्मेदारी भी तेजस्वी के कंधों पर होगी। तेजस्वी युवा हैं और पिछले विधानसभा चुनाव के अलावा इस बार के लोक सभा चुनाव में उनकी मेहनत का हर कोई कायल रहा। हालांकि उनकी मेहनत चुनाव परिणाम में परिलक्षित नहीं हुई, मगर उन पर जनता और पार्टी का भरोसा पूरी मजबूती के साथ है; यह  जरूर दिखा। खास बात यह है कि तेजस्वी काफी ऊर्जावान हैं और पिता लालू प्रसाद से उन्होंने काफी कुछ सीखा है। बाकी परिवार के सदस्यों की बात करें तो मीसा इस बार भले पाटलिपुत्र से सांसद बनी मगर बिहार की राजनीति को समग्रता से समझने का काम तेजस्वी के अलावा न तो रोहिणी ने किया और न तेजप्रताप ने। हां, राबड़ी देवी की भूमिका भी अब पार्टी में काफी सीमित हो गई है। स्वाभाविक है, लालू ने दांव तेजस्वी पर चला है और एक तरह से अध्यक्ष का पद अपने पास रखकर यह संदेश भी देने की कोशिश की है कि तेजस्वी के कामकाज पर उनकी नजर रहेगी। इस बात में कोई शक नहीं कि युवा तबके में तेजस्वी की स्वीकार्यता है। साथ ही यादव मतदाता और मुस्लिम समुदाय भी पार्टी का सबसे मजबूत वोट बैंक माना जाता रहा है। राज्य में सत्तारूढ़ जद (यू)-भाजपा की सरकार की खामियों को सामने लाना उनके लिए सबसे कठिन होगा। हां, अगर वो नीतीश सरकार की नाक में दम करेंगे तो हो सकता है, अगली सरकार के मुखिया वही होंगे।

# पूर्ण विद्युतीकरण की राह पर भारतीय रेल

■ भारतीय रेल के विद्युतीकरण के 100 साल



पहिए के अविष्कार के साथ ही दुनिया कई गुना तेजी से आगे बढ़ने लगी। इस रफ्तार को नई दिशा सितंबर 1825 में तब मिली, जब दुनिया की पहली ट्रेन ने अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में 28 साल बाद 16 अप्रैल, 1853 को वह दिन भी आया जब भारत में पहली बार ट्रेन चलाई गई। इसके करीब 72 वर्षों बाद 3 फरवरी 1925 ने भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (ष्टस्रूञ्ज) से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से चलने वाली ट्रेन चलाकर नया कीर्तिमान रच दिया। अब साल 2025 भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे के होने के साथ, भारत अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100त्न विद्युतीकरण के कगार पर है जो भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि भारत में पहली रेल यात्रा के समान ही ऐतिहासिक है तथा भारतीय रेल के विद्युतीकरण में एक सदी की प्रगति का प्रतीक है।

विद्युतीकरण की ओर: एक सदी का सफर

दुनिया में पहली बार रेल संचालन के केवल 28 वर्षों के भीतर भारत में भी रेलगाड़ियां दौड़ने लगीं। हालांकि, बिजली से चलने वाले इंजनों को अपनाने में भारत को अधिक समय लगा। वर्ष 1879 में जर्मनी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन चली, लेकिन भारत में यह तकनीक पहुँचने में 46 वर्षों का समय लगा। दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 1879 में चलाई गई, जबकि भारत ने 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरुआत की। बिजली से चलने वाले इंजनों ने बहुत कम समय में अपनी उपयोगिता साबित करने में सफलता हासिल कर ली। ये इंजन अधिक ताकतवर, तेज और कुशल थे। कम रखरखाव के साथ ये प्रदूषण रहित थे एवं भारी-भरकम ट्रेनों को तीव्र ढलानों पर आसानी से खींच सकते थे। आरंभिक दिनों में विद्युतीकरण की लागत अधिक थी, लेकिन शहरी यातायात और मुंबई जैसे महानगरों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई।

मुंबई में विद्युतीकरण: पहला कदम

20वीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में मुंबई की तेजी से बढ़ती जनसंख्या के लिए यातायात के लिए एक प्रभावी और कुशल समाधान खोजना आवश्यक हो गया था। भाप इंजन पुणे और नासिक की ओर जाने वाले तीव्र ढलानों को संभालने में असमर्थ थे। इससे विद्युतीकरण की आवश्यकता और बढ़ गई। 1904 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी सरकार के मुख्य अभियंता डब्ल्यू.एच. व्हाइट ने मुंबई में दो प्रमुख रेल नेटवर्क- ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे और बॉम्बे बड़ौदा एंड सेंट्रल इंडिया रेलवे को विद्युतीकृत करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि प्रथम विश्व युद्ध की वजह से इस परियोजना को अस्थायी रूप से रोक दिया गया, लेकिन 1920 तक बॉम्बे-पुणे, इगतपुरी और वसई लाइनों के विद्युतीकरण की योजनाओं को मंजूरी मिल गई। 3 फरवरी 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन ने 1500 वोल्ट डायरेक्ट करंट (ष्टष्ट) पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और कुर्ला के बीच 16 किलोमीटर की दूरी तय की। यह भारतीय रेल के स्वच्छ और आधुनिक परिवहन की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस कदम के साथ, भारत दुनिया का 24वां और एशिया का तीसरा देश बन गया जिसने इलेक्ट्रिक रेल सेवाएं संचालित कीं।

दक्षिण भारत में विद्युतीकरण

मुंबई के साथ-साथ दक्षिण भारत ने भी विद्युतीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए। साउथ इंडियन रेलवे (स्ढ्ढक्र), जो दक्षिण भारत में प्रमुख रेलवे नेटवर्क, उसने अपने उपनगरीय नेटवर्क को 1500 वोल्ट ष्टष्ट सिस्टम पर विद्युतीकृत किया। मद्रास बीच (अब चेन्नई) से ताम्बरम तक की लाइन को 1931 तक पूरा कर लिया गया। यह खंड भारत के कुछ मीटर गेज विद्युतीकृत मार्गों में से एक है। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के समय तक, देश में मात्र 388 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था, जो मुख्य रूप से मुंबई और मद्रास के आस-पास केंद्रित था।

पूर्वी भारत में विद्युतीकरण की शुरुआत

जहां मुंबई ने विद्युतीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई, वहीं पूर्वी भारत में यह प्रक्रिया देरी से शुरू हुई। इसका मुख्य कारण विश्व युद्धों और 1930 के दशक की महामंदी जैसी घटनाएँ थीं। 1950 के दशक में कोलकाता (तब कलकत्ता) में विद्युतीकरण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ी। 1954 में, भारतीय रेल ने यूरोपीय विद्युतीकरण मॉडल का अध्ययन किया और, इस क्षेत्र के लिए 3000 वोल्ट ष्टष्ट सिस्टम को चुना। दिसंबर 1957 में हावड़ा और शियोराफुली के बीच पूर्वी भारत के पहले विद्युतीकृत ट्रैक का उद्घाटन हुआ।

नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 kV AC प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया इसी समय फ्रांस की SNCF ने 25,000 वोल्ट,ष्ट सिस्टम विकसित की, जिसे शुरू में संदेह की दृष्टि से देखा गया। 1959 में राजखरसावन-डांगोपोसी खंड पर इस सिस्टम का सफल परीक्षण हुआ। नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 kV AC प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया, जिससे भारत ऐसा करने वाला सोवियत संघ के बाद दूसरा देश बना। स्वच्छ परिवहन की ओर एक सशक्त कदम: रेल विद्युतीकरण का राष्ट्र पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। यह परिवहन को स्वच्छ और हरित माध्यम प्रदान करता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। बेहतर ढुलाई क्षमता और लाइन हॉल लागत में सुधार के साथ, यह रेल नेटवर्क को और अधिक कुशल एवं किफ़ायती बनाता है। इसके अलावा, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर यह सतत विकास में योगदान देता है। कच्चे तेल पर निर्भरता घटने से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत भी सुनिश्चित होती है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित होती है।

पूरे भारत में विद्युतीकरण: एक नया युग

1966 तक, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी रेलवे जोन में माल परिवहन का आधे से अधिक हिस्सा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन द्वारा संचालित होने लगा। हावड़ा, सियालदह और खड़गपुर डिवीजनों में उपनगरीय नेटवर्क तेजी से विद्युतीकृत हुआ। इलेक्ट्रिक ट्रेनों के लाभ, जैसे कि डीजल पर निर्भरता में कमी, अधिक दक्षता और पर्यावरण संरक्षण, ने विद्युतीकरण प्रक्रिया को और तेज किया। आने वाले दशकों में भारतीय रेल के विद्युतीकरण ने अभूतपूर्व गति पकड़ी। वर्ष 2014-15 के बीच हर दिन करीब 1.42 किलोमीटर विद्युतीकरण किया जाता था। इस अवधि में भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क पर लगभग 45,200 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया। वहीं 2023-24 के दौरान प्रतिदिन करीब 19.7 किलोमीटर विद्युतीकरण का रिकॉर्ड बना। 2014 तक देश में जहां 21801 क्रूरू रहा वहीं 2014-24 के बीच विद्युतीकरण में अभूतपूर्व प्रगति हुई और महज एक दशक में 44199 क्रूरू किया गया। 2025 में, जब भारत रेल विद्युतीकरण के 100 वर्षों का जश्न मनाएगा, यह उपलब्धि उस दूरदृष्टि और तकनीकी प्रगति की गवाही देगी जिसने भारतीय रेल को दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक नेटवर्क में से एक बना दिया।

**डॉ जयदीप गुप्ता ( अपर सदस्य, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन,रेलवे बोर्ड)**

# आलेख

## संविधान पर कोई खतरा नहीं

एस. सुनील

विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं! वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है। 'हम भारत के लोग' द्वारा संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। समस्त देशवासियों के लिए यह गर्व और प्रेरणा का दिन है। एक गणतंत्र के रूप में भारत के 75 वर्ष पूरे करना कई मायनों में बहुत विशेष और महत्वपूर्ण है। संविधान के 75 वर्ष की यात्रा में शायद ही कोई समय रहा होगा, जब इसे लेकर इतनी चर्चा हुई होगी, जितनी अभी हो रही है।ठीक 50 साल पहले 1975 में जब संविधान पर सबसे बड़ा हमला हुआ था यानी इमरजेंसी लगाई गई थी और देश के समस्त नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे तब भी इसकी इतनी चर्चा नहीं हुई थी। हालांकि तब देश के नागरिकों ने मन ही मन यह संकल्प बनाया था कि देश के पवित्र संविधान पर हाथ डालने वालों को छोड़ना नहीं है। संविधान पर हुए उस हमले के बाद देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी को सजा दी और यह स्पष्ट कर दिया कि संविधान पर हमला उसे स्वीकार्य नहीं होगा। परंतु विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं! वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है। खतरा कांग्रेस के शाही खानदान की राजनीति पर है। खतरा तुष्टिकरकण की राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों के ऊपर है। अपने अस्तित्व, अपनी राजनीति और पार्टी के ऊपर आए खतरे को इन पार्टियों ने संविधान पर खतरा बताना शुरू किया है। विपक्षी पार्टियों की इस राजनीति की वजह से संविधान की चर्चा शुरू हुई है और संविधान निर्माण में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका पर चर्चा भी घर घर पहुंची है। इस क्रम में लोगों को इस बात की भी जानकारी मिली है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के साथ किस तरह का बरताव किया। भारत के संविधान को खतरे में बताने वाली पार्टी और नेता असल में इसकी शक्ति को न जानते हैं और न समझते हैं। भारत का संविधान कोई मामूली किताब या कागजों का दस्तावेज भर नहीं है। इसमें देश के 140 करोड़ लोगों की आत्मा बसती है। इसलिए यह कहना अपने आप में बचकाना है कि संविधान खतरे में है। संविधान एक जीवित दस्तावेज है और उसमें समय की जरुरतों के हिसाब से संशोधन होते हैं। इसका प्रावधान संविधान निर्माताओं ने ही किया है। उन्हीं प्रावधानों के आधार पर संविधान में अब तक सवा सौ से ज्यादा संशोधन हो चुके हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र की श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 129वें संविधान संशोधन का विधेयक पेश किया। इसके जरिए पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का कानून बनाया जाना है। इस विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया है, जो इस पर विचार कर रही है। यह संशोधन भी संविधान की मूल भावना को स्थापित करने के लिए लाया गया है। ध्यान रहे आजादी के बाद पहले चार लोकसभा चुनावों के साथ ही लगभग पूरे देश के विधानसभा चुनाव हुए थे। उसके बाद कांग्रेस की केंद्र सरकार द्वारा मनमाने तरीके से राज्यों की सरकार बरखास्त करने के कारण यह चक्र टूटा। अब इस चक्र को फिर से बहाल करने का प्रयास हो रहा है। संविधान अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर यह विचार करने की भी आवश्यकता है कि तीन चौथाई सदी का संविधान का सफर कैसा रहा? सबसे पहले तो यह बुनियादी बात समझने की जरुरत है कि कोई भी संविधान उतना ही अच्छा या उतना ही सफल होता है, जितने अच्छे उसे लागू करने वाले होते हैं। अगर संविधान जैसा पवित्र दस्तावेज भी गलत लोगों के हाथ में हो उसका दुरुपयोग हो सकता है। श्रीमति इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 में किए गए प्रावधानों का इस्तेमाल करके ही देश में इमरजेंसी लगाई थी। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर बाद की सभी कांग्रेस सरकारों ने अनुच्छेद 356 के प्रावधानों का दुरुपयोग करके ही देश के अनेक राज्यों की चुनी गई सरकारों को मनमाने तरीके से बरखास्त किया।

# सरस्वती आराधना का पर्व बसंत ऋतु.....

युवाओं में उत्साह का संचार करता है बसंतोत्सव-
खुशनुमा मौसम का पर्व है बसंत पंचमी-
शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार जैन

भारत उत्सवों का देश है और यहाँ हर उत्सव अलग प्रकार का है। बसंत पंचमी बसंत ऋतु का उत्सव है।जिसके आते ही प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। मानव तो क्या पशु-पक्षी तक उल्लास से भर जाते हैं। शिक्षाविद् इस दिन मां सरस्वती की पूजा करके उनसे और अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं। तो कलाकार, कवि या लेखक,गायक या वादक, नाटककार,नृत्यकार सभी इसदिन का प्रारम्भ अपने उपकरणों की पूजा और मां सरस्वती की वंदना से करते हैं। साहित्यकारों के लिए बसंत प्रकृति के सौन्दर्य और प्रणय के भावों की अभिव्यक्ति का अवसर है तो वीरों के लिए शौर्य के उत्कर्ष की प्रेरणा है। बसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती देवी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना की जाती है।पुरातन युग में इस दिन राजा सामंतों के साथ हाथी पर बैठकर नगर का भ्रमण करते हुए देवालय पहुँचते थे।वहाँ विधिपूर्वक पूजा की जाती थी और देवताओं पर अन्न की बालियाँ चढ़ाई जाती थीं।सर्दी ने अपनी चादर समेट ली है।मौसम अंगड़ाई लेने लगा है।शिशिर झोले में सारा कोहरा भरकर चल दिया है।बसंत के स्वागत में प्रकृति का कण-कण खिलने लगा है। पेड़-पौधों, फूलों पर बहार, खेतों में सरसों का चमकता सोना,गेहूं की सुडौल बालियां,आम के पेड़ों पर लदे बौर ऋतुराज के अभिनंदन में नतमस्तक हो रहे हैं।मौसम सुहाना हो गया है। न अधिक गर्मी है न अधिक ठंड।पूरे वर्ष को जिन छैः ऋतुओं में बांटा गया है उनमें बसंत मनभावन मौसम हैं।अनादिकाल से ही ऋतुएँ आमजनों को आकर्षित करती आयी हैं।तभी तो ऋतु के अनुसार व्रत-त्यौहार मनाने की परंपराएं चली आ रही हैं।चंद्र की गणना के अनुसार बसंत की शुरुआत माघ शुक्ल पंचमी से मानी जाती है।इस तिथि को सरस्वती का अवतरण हुआ था। पीत वस्त्र धारण कर पीत भोजन सेवन कर बसंत का स्वागत आज भी इसी दिन से होता है।बसंत ऋतु में मुख्य रूप से रंगों का त्योहार होली मनाया जाता है।वहीं मंदिरों में फाग उत्सव होने लगे हैं।राग बसंत व होलिया गायी जाती हैं। महाशिवरात्रि,रंगपंचमी,शीतला सप्तमी के अलावा चैत्र नवरात्रि में घट स्थापना,नव संवत्सर आरंभ,गुड़ी पड़वा,रामनवमी,चौती दशहरा,महावीर जयंती आदि त्योहारों मनाये जाते हैं।बसंत में मौसम न ज्यादा ठंडा होता है और न गर्म,जो कार्यक्षमता बढ़ाता है। रचनात्मक,कलात्मक कार्य अधिक होते हैं।सृजन क्षमता बढ़ जाती है।ऋतुराज बसंत का बड़ा महत्त्व है। इसकी छटा निहारकर जड़-चेतन सभी में नव-जीवन का संचार होता है। सभी में अपूर्व उत्साह और आनंद की तरंगें दौड़ने लगती हैं।स्वास्थ्य की दृष्टि से यह ऋतु बड़ी ही उपयुक्त है।इस ऋतु में प्रात:काल भ्रमण करने से मन में प्रसन्नता और देह में स्फूर्ति आती है।स्वस्थ और स्फूर्तिदायक मन में अच्छे विचार आते हैं।यही कारण है कि इस ऋतु पर सभी कवियों ने अपनी लेखनी से लेखन कार्य प्रारंभ किया।सृजनकर्ताओं की लेखनी भी बासंती यौवन पर खूब चली है।महाकवि कालिदास का ऋतु वर्णन तो अमर ग्रंथ है ही,अन्य कवि भी बसंत के गुणगान के लिए उत्साहित रहे हैं। संभवत:अन्य ऋतुओं की अपेक्षा बसंत पर लेखन ज्यादा हुआ है। यथा यौवन के मद में मदमाती नवयौवना आम बौराकर हुए बासंती,मौसम ने ली अंगड़ाई- आयी बसंत ऋतु आई। बसंत श्रृंगार की ऋतु है।इस मौसम में फसलें पकने लगती हैं।बसंत में उर्वरा शक्ति अर्थात् उत्पादन क्षमता अन्य ऋतु की अपेक्षा बढ़ जाती है।प्रकृति यौवन पर होती है।वृक्ष अपने पुराने पत्तों का झाड़ नववसन धारण करते हैं। विविध प्रकार के फूलों से वृक्ष लदने लगते हैं।इन दिनों बोगनवेलिया,टेसू (पलाश) ,गुलाब, कचनार, कनेर के फूल लगने लगे है। ऋतुओं का परिवर्तन दो माह में होता है।सूर्य के शायन भ्रमण से ऋतुओं की गणना की जाती है।बसंत में पुराने पत्ते झड़कर नए पत्ते आ जाते हैं।मौसम सुहावना मादकता लिए होता है।विद्यार्थियों के लिए भी यह त्योहार बहुत आनंददायक होता है।इस पर्व पर विद्यालयों में सरस्वती पूजा होती है और शिक्षक विद्यार्थियों को विद्या का महत्त्व बताते हैं तथा पूरे उल्लास के साथ पढ़ने की प्रेरणा देते हैं।बसंत पंचमी युवाओं में उत्साह का संचार करता है।





सुभद्रा कुमारी चौहान की उक्त पंक्तियाँ-
फूली सरसों ने दिया रंग।
मधु लेकर आ पहुंचा अनंग।
बसु-बसुधा पुलकित अंग-अंग।
हैं वीर वेश में किंतु कंत।
वीरों का कैसा हो बसंत।।

बसंत पंचमी का उत्सव आते ही पृथ्वी का कण-कण पुलकित होने लगता है।जीवन में नये संचार का आगाज शुरू होता है।सम्पूर्ण देश में बसंतोत्सव का पर्व बडे ही धूमधाम से मनाया जाता है।बसंतोत्सव हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा को प्रदान करके हमें नई उमंग पाने की प्रेरणा देता है।

# पाठ्यक्रमों में बदलाव सत्ता पाने का हथियार

योगेंद्र योगी



सरकारों का जोर ज्यादातर राजनीतिक विज्ञान, समाज विज्ञान और हिंदी की पुस्तकों पर सुविधा के हिसाब से बदलाव पर जो रहा है। यह सिलसिला थमने वाला नहीं है। जो भी दल भविष्य में सत्ता में आएगा, पाठ्यक्रमों में फिर वही बदलाव का सिलसिला जारी रहेगा। इससे और कुछ हो न हो, पर विद्यार्थी दिग्भ्रमित जरूर होते हैं। पुराविदों, शिक्षाविदों के साथ न्यायविदों से इस पर विमर्श होना चाहिए देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सबके बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशक तथ्य तोड़-मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह हैं कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सिलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सिलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सिलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार 'संघ परिवार' जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी, तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्धारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्य पुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम. विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गई। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने टीपू सुल्तान, मोहम्मद गजनवी, हैदर अली और मुगलों का बखान किया। सत्ता में आने पर भाजपा ने टीपू, हैदर अली, गजनवी और मुगलों पर अध्यायों को अब हटा दिया और स्वतंत्रता सेनानियों तथा मराठा शासक शिवाजी और केम्पेगौड़ा जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों को पाठ्य पुस्तकों में प्रमुखता दी गई। राजनीतिक नजरिए से पाठ्यक्रमों में राज्य ही नहीं, केंद्र में जो भी सरकार सत्ता में रही, उसने अपनी दलीलों के साथ बदलाव किए हैं। यह सब किया जाता है देशहित और संस्कृति-सभ्यता के इतिहास को बचाने के नाम पर। वर्ष 2018 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं के राजनीति विज्ञान पाठ्य पुस्तक में गुजरात दंगों के बारे में अध्याय जोड़ दिया गया। इस अनुच्छेद में दो परिवर्तन किए गए। अनुच्छेद में शामिल शीर्षक मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगे को बदलकर गुजरात दंगे कर दिया गया। इसी अनुच्छेद के पहले वाक्य से मुस्लिम शब्द भी हटा दिया गया। अनुच्छेद के शीर्षक के अलावा अनुच्छेद के अंदर के पाठ को नहीं छुआ गया। गुजरात में भाजपा शासन के दौरान 2002 में हुए मुस्लिम विरोधी गुजरात दंगों का संदर्भ पाठ्य पुस्तकों से हटा दिया गया है, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान हुए सिख विरोधी दंगों को बरकरार रखा गया। वर्ष 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरी बार है, जब सरकार ने पाठ्य पुस्तक संशोधन की कवायद की। इससे पहले 2017 और 2019 में पाठ्य पुस्तकों में संशोधन किया गया था। हटाए गए खंडों में मुगलों पर एक पूरा अध्याय शामिल है, जो एक मुस्लिम राजवंश था, जिसने भारत पर 200 वर्षों तक शासन किया और भारत के संस्थापक पिता मोहनदास करमचंद गांधी द्वारा हिंदू-मुस्लिम एकता की खोज की चर्चा से संबंधित पाठ को हटाया गया। गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की ब्राह्मण उत्पत्ति और भाजपा के वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर लगाए गए संक्षिप्त प्रतिबंधों को सुविधाजनक रूप से हटा दिया गया, जैसा कि 2002 के गुजरात में हुए सांप्रदायिक दंगों को भी हटाया गया। वर्ष 2022 में एनसीईआरटी ने स्कूलों की किताबों में बदलाव किए। इनमें प्राचीन और मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के बारे में अभी तक पढ़ाए जाने वाले कई तथ्यों को हटा दिया गया।

# गिरनार के उर्जयंत पर्वत श्री नेमीनाथ भगवान की तप, केवल ज्ञान एवं निर्वाण भूमि है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

**पारसोला (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री वर्धमान सागर जी 33 साधुओं के विशाल संघ सहित सन्मति नगर पारसोला में विराजित है। आचार्य श्री ने धर्म देशना में बताया कि गुजरात के गिरनार उर्जयंत पर्वत 22 वे तीर्थंकर 1008 श्री नेमिनाथ भगवान की तप , केवल ज्ञान और निर्वाण मोक्ष स्थल है। 72 करोड़ 700 मुनिराजो की निर्वाण स्थली है ।श्री नेमिनाथ भगवान के दर्शन उनके चरणों की वंदना करने के लिए 23 मार्च 2025 को देहली से श्री ऋषभदेव भगवान के जन्म तप कल्याणक दिवस से श्री नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक 2 जुलाई 2025 पर विश्व जैन संगठन द्वारा 101 दिवसीय रैली का आयोजन किया गया है। प्रशासन का कर्तव्य है कि जैन समाज को मोक्ष कल्याणक पर भगवान के दर्शन चरणों की वंदना करने के अवसर जैन समाज की 22वें तीर्थंकर श्री नेमीनाथ भगवान की धर्मयात्रा सकुशल हो ऐसे प्रशासन को इंतजाम करना चाहिए। क्योंकि श्री नेमिनाथ भगवान जैन समाज के आराध्य हैं ,यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने सन्मति नगर पारसोला में विश्व जैन संगठन के प्रतिनिधियों एवम् जैन समाज के समक्ष 1 फरवरी को प्रगट की। ब्रह्मचारी गज्जू भैया एवं राजेश पंचोलिया ने बताया कि आचार्य श्री ने आगे बताया कि विश्व जैन संगठन के



इस धर्म प्रभावना के कार्य में सभी को शामिल होकर सहयोग करना चाहिए ।आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने वर्ष 1992 में की गई वंदना दर्शन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि हमने फरवरी मार्च 1992 में हमारे संघ, आचार्य श्री निर्मलसागर जी और आर्यिका श्री विजयमति माताजी के संघ सहित सभी पांचो टोक के दर्शन वंदना की ।और हमने 8 दिन के प्रवास में तीन बार दर्शन वंदना की। इसके पूर्व मुनि श्री हितेंद्रसागर जी ने बताया कि गिरनार पर्वत में सहस्त्र वन में आचार्य धरसैनाचार्य ,आचार्य भुतबली और आचार्य पुष्प दंत सागर जी महा मुनिराज ने जिनवाणी की रचना यहीं से की। आचार्य श्री के दर्शन चरण वंदना कर विश्व जैन संगठन के राष्टीय अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि विश्व जैन संगठन द्वारा श्री नेमिनाथ भगवान गिरनार धर्म पदयात्रा की जावेगी।1008 श्री आदिनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक दिवस 23 मार्च 2025 से बलबीर नगर दिल्ली से 101 दिवसीय श्री गिरनार सिद्ध क्षेत्र यात्रा 2 जुलाई 25 तक श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा का शुभारंभ होगा। विश्व जैन संगठन के राष्टीय अध्यक्ष संजय जैन दिल्ली 1 फरवरी को पारसोला में विराजित प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के दर्शन करने एवं इस मंगलमय पदयात्रा कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लेने हेतु अपने साथियों सहित पधारे। संजय जैन देहली ने आचार्य के समक्ष धार्मिक पदयात्रा का उद्देश्य बताया कि समग्र अखिल भारतीय जैन समाज को भगवान नेमिनाथ के मोक्ष स्थल से जोड़ने हेतु यह पद यात्रा की जा रही है। इस अवसर पर पारसोला दिगंबर जैन समाज द्वारा आए अतिथियों का नगर की परंपरा अनुसार स्वागत किया गया।

**राजेश पंचोलिया इंदौर**

## कुंडलपुर में भगवान श्री विमलनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**कुंडलपुर (दमोह)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान श्री विमलनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर प्रात: भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य क्षेत्र कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा ,रिद्धि कलश करने का सौभाग्य अशोककुमार प्रेमचंद दिल्ली ,शांतकुमार संजीव नवीन सागर, अभिषेक जैन दिल्ली आशीष हर्ष नमन ललितपुर,



बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, विधान हुआ ।श्री जी का पालना झुलाया गया। इस अवसर पर श्रेष्ठी श्री अशोककुमार ,प्रेमचंद सुरेशचंद्र ,विश्वासचंद परिणीता वरुण रुपाणी आस्था जैन परिवार दिल्ली द्वारा पूज्य बड़े बाबा परिकर में शोभायमान 64 चांदी के चंवर प्रदान किए गए। कुंडलपुर आशीष अभिषेक अभिनव अनिल जबलपुर, पंकज जैन जोधपुर ,अरुण अभिषेक जैन दिल्ली शैलेंद्र आदित्य जैन ग्वालियर ,अशोक दीपचंद ,सुरेंद्र ईशान जबलपुर अजयकुमार मूलचंद जैन ऊमरा को प्राप्त हुआ। सायंकाल भक्तामर दीपअर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

# रिश्तों की बेहतरी के लिए वैचारिक संबंध जरूरी

### ललितपुर जैन समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में उमडी भीड़

### शुभ मिलन पत्रिका का हुआ विमोचन



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में अखिल भारतीय युवक-युक्ती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें दूरांचलों से श्रेष्ठियों ने सम्मलित होकर आयोजन को सराहा और इसे समाज में बेहतरीन रिश्ते की तलाश में जरूरी बताया। युवक युवतियों के रिश्तों में संयोजित पत्रिका शुम मिलन का जहां श्रेष्ठीजनों ने विमोचन किया वहीं अनेक युवकों ने अपनी प्रतिमा बताई। जैन पंचायत अध्यक्ष डॉ. अक्षय टडैया ने ऐसे परिचय सम्मेलन समाज में आवश्यक बताते हुए कहा इसके माध्यम से समाज के सभी वर्ग के लोगों के बेहतर रिश्ते की तलाश में मदद मिलती है और अपनी बात स्वजातीय बन्धुओं के बीच रख सकते हैं। पूरे दिन जहां समाज श्रेष्ठियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही बहीं लोगों ने स्मारिका के माध्यम से बेहतर रिश्ते की तलाश की। कार्यक्रम में नंदा सुनंदा महिला मण्डल एवं चन्द्रप्रभु महिला मण्डल ने आकर्षक धामिक प्रस्तुति की जवकि मंगलावरण सोनम जैन विमित जैन पूनम जैन सेजल सिंघं श्रद्धा शुभम सिंघई द्वारा किया गया। जिन्हें आयोजक मण्डल ने प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

नगर के तालाबपुरा स्थित मनोकामना स्थली में आयोजित कार्यकम का उदघाटन वीरचंद सराफ परिवार द्वारा किया गया। जबकि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा किया गया जबकि दीपप्रज्जवलन शुभमिलन टीम के संयोजक सजल जैन सर्वज्ञ, अजय जैन गंगचारी, श्रयांस जैन गदयाना, अभय जैन कम्पयूटर, नरेन्द्र जैन गदयाना, सजल समैया, सुनील जैन प्राचार्य, विकास जैन गंगचारी, अमित जैन खजुरिया सन्मति जैन गांधी अंकित जैन बरोदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैन पंचायत के महामंत्री आकाश जैन के अतिरिक्त सोनम जैन मान्या जैन भोपाल द्वारा किया गया। शुभ मिलन पत्रिका 25 का विमोचन जैन समाज श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, अनिल जैन अंचल, रवीन्द्र अलया, सन्मति सराफ, अनिल जैन मामा भांजा ग्रुप, सन्मति सराफ ने किया। आयोजन की व्यवस्थाओं को संयोजित करने में जैन पचायत के संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, सतीश नजा, सौरभ जैन सीए, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया कोषाध्यक्ष सौरभ जैन सीए मंदिर प्रबंधक शुवेन्दु जैन, जितेन्द्र जैन राजू, आनंद जैन भागनगर, अजित जैन गदयाना, मोदी पंकजजैन, अशोक जैन दैलवारा, प्रमोद जैन पाय, डी. के.जैन पवन जैन, संजय जैन ककडारी, सुवोध जैन मडावरा, सुनील सराफ, जिनेन्द्र जैन रजपुरा, मनीष जैन, विमल जैन पाय गौरव टोनू, नितिन जैन लागौन, अनमोल जैन रसिया, विपिन हिरावल, ऋषि जैन श्रीमती वीणा जेन, अनीता मोदी, उमा जैन सैदपुर, ममता मोहनी, पूनम सिंघई आदि का योगदान रहा।

# मुनि प्रमाण सागर महाराज की भोपाल में भव्य अगवानी


### संत को हृदय में बैठा ले तो जीवन कमल की तरह खिल जाएगा,,,, मुनि प्रमाण सागर महाराज



**भोपाल (विश्व परिवार)।** राजधानी के जैन समाज के लिए आज का दिन विशेष उत्साह से भर देने वाला था ,, टी टी नगर पंचकल्याणक में सानिध्य देने के लिए आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य मुनि प्रमाण सागर महाराज सा संघ राजधानी आए सकल जैन समाज द्वारा मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई लालघाटी से पद विहार करते हुए मुनि संघ पॉलिटेक्निक चौराहा पहुंचे पंच कल्याणक समिति अध्यक्ष अमर जैन प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया समाज के विभिन्न मंदिर समितियां सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयों ने अपने-अपने गणवेश के साथ मुनि संघ का पाठ प्रक्षालनकर आरती उतार कर अगवानी की शोभायात्रा में धर्म ध्वजाओ के साथ युवा वर्ग अपने-अपने दिव्या घोष के माध्यम से गुरुदेव के प्रति जयकारे लगाते हुए भक्ति प्रदर्शित कर रहा था भोपाल जैन समाज के विभिन्न सामाजिक संगठन महिला मंडल युवा मंडल सोशल ग्रुप और पाठशाला परिवार अपने-अपने सदस्यों के साथ बैनर और तख्तियों के द्वारा जैन दर्शन जैन सिद्धांत सत्य अहिंसा और जीव दया का संदेश दे रहे थे थातत्पश्चात अगवानी शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई टी टी नगर जैन मंदिर पहुंची यहां जिनालय के मूल नायक भगवान महावीर की वंदना के बाद नव निर्माण दिन जिनालय का अवलोकन किया धर्म सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ मुनि प्रमाण सागर महाराज ने आशीष वचन में श्रद्धा भक्ति सेवा और समर्पण को समझाते हुए कहा जब सूरज उगता है तो कमल खिलता है आज सभी के हृदय कमल खिल खिलाते हुए दिख रहे हैं संत के दर्शन से कुछ पल के लिए हृदय कमल खिलता है पर संत को हृदय में आसीन कर लेने से जीवन कमल की तरह खिल उठता है मुनि श्री ने कहा जब अंदर की श्रद्धा प्रकट होती है तो जीवन सकारात्मकता के साथ उज्जवल बन जाता है और सुखद अनुभूति होती है पर वर्तमान में श्रद्धा ऊपरी रह गई है आंतरिक श्रद्धा खत्म होती जा रही है लोगों की भगवान पर तो श्रद्धा है पर भगवान के आदर्श पर नहीं चल रहे है गुरु पर श्रद्धा है पर गुरु के वचनों पर नहीं उन्होंने कहा जीवन को सही दशा और दिशा देनी है तो अपनी श्रद्धा का अंत: परीक्षण करें भक्ति को पूजा पाठ आदि क्रिया में ना रखते हुए भक्ति भाव में रखें भाव विशुद्ध युक्त अनुराग बहुत दुर्लभ होता है भक्ति वह हो जो हमारे चिंतन को बदल दे सेवा को समझाते हुए मुनिश्री ने कहा सेवा का मतलब हम सामने वाले को हम अपनी क्रिया कार्यों से प्रसन्न रखते हैं सही सेवा स्वयं के आचरण और व्यवहार से होती है इच्छा शक्ति निर्णय शक्ति को अर्पित कर देना ही समर्पण है जो भक्ति का प्रबल रूप है भक्त के हृदय में श्रद्धा और भक्ति होती है पर समर्पण शिष्य के अंदर होता है समर्पण को जगाने के लिए अपने अंदर के शिष्यत्व को जागना होगा प्रवक्ता सुनील जैनाविन ने बताया मुनि संघ की अगवानी में क्षेत्रीय विधायक भगवान दास सबनानी महापौर मालती राय भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने विशेष रूप से उपस्थित होकर श्री फल समर्पित कर आशीर्वाद लिया,

# 'बारिश की बूंदें भले ही छोटी हों,लेकिन उनका लगातार बरसना नदियों का प्रवाह बन जाता है: निर्यापक मुनि श्री समता सागर जी

**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** 'वारिस की बूंदें भले ही छोटी हों,लेकिन उनका लगातार बरसना नदियों का प्रवाह बन जाता है,उसी प्रकार आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज ने भव्य आत्माओं को आश्रय देकर मोक्ष मार्ग को आगे बड़ाया तथा मुनिओं एवं आर्यिका माताओं का विशाल समूह दुनिया के सामने प्रस्तुत किया' उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी डोंगरगढ़ तीर्थ पर चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के दूसरे दिवस प्रात:कालीन धर्म सभा में समवसरण से संवोधित करते हुये व्यक्त किये।'





मुनि श्री ने कहा कि वेगम गंज के युवकों ने अंतरमति माता जी की प्रेरणा से जो दृश्य प्रस्तुत किये वह अद्वितीय है,भले ही उनको 2022 के पश्चात चातुर्मास का अवसर नहीं मिला हो लेकिन उनको इस युग के साक्षात भगवान की प्रस्तुति प्रस्तुती करने का अवसर यंहा चंद्रगिरी पर आकर मिला सभी की आंखें नम थी एवं एक बार फिर से गुरुवर की याद को ताजा कर गयीं मुनि श्री ने प्रात:कालीन श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के समवसरण मेंअपने बिचारो को प्रकट करते हुये कहा कि जैसे इंद्रभूति गौतम को प्रभु मिले और प्रभु को शिष्य के रुप में गणधर गौतम मिले गुरू और शिष्य यह परंपरा आज तक चली आ रही है आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज का कुछ पुण्य कम रहा कि इस कलिकाल में उनको जन्म लैना पड़ा अन्यथा उस भव्य आत्मा का पुण्य तो ऐसा होंना चाहिये था कि वह साक्षात विदेह क्षेत्र में जन्म लेकर इसी भव से कर्म नष्ट करके सिद्धत्व प्राप्त करते मुनि श्री ने कहा कि उनका पुण्य कुछ कम होगा कि उन्होंने पंचमकाल के भरत क्षेत्र में जन्म लिया लेकिन हम सभी का पुण्य इतना अधिक प्रवल था कि उनके जीवनकाल में हमारा जन्म हुआ और हम सभी के भाग्य से हमें ऐसे गुरुदेव मिले।दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के समाधि स्थल पर छै दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के दूसरे दिवस रविवार को बड़ी संख्या में संपूर्ण भारत से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर समाधि स्थल पर भक्तीभाव के साथ आचार्य गुरुदेव की अष्टद्रव्य से पूजन संपन्न की गई इस अवसर पर विभिन्न नगरों से पधारे गुरु भक्तों ने अर्घ समर्पित किये। तथा वेगमगंज के बच्चों ने 'शरद पूर्णिमा' के दो दो चांद नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जिसे आदर्श मति माताजी की संघस्थ अंतरमति माताजी ने अपने भावों से आचार्य श्री के जीवन तथा उनका सल्लेखना समाधि वृत का दृण संकल्प चल चित्र के साथ नाट्यरुपांतरण के रुप में प्रस्तुत किया गया जब समाधि संल्लेखना के दृश्य दिखाये जा रहे थे तो मुनिसंघ, आर्यिकासंघ और पांडाल उपस्थित सभी श्रद्धालुओं की आंखों से आंसू थे जो कि थम नहीं रहे थे, इसी क्रम में एक दौर ऐसा आया ''मूक माटी' के माध्यम से गुरु के उपकारों की बात कही गई और कहा गया कि गुरु के उपकारों को जो भूल जाता है वह सच्चा गुरु भक्त नहीं कहलाता' आचार्य श्री द्वारा प्रदत्त जीवन्त धरोहर आचार्य समय सागर जी है,यह धर्म रुपी वृक्ष जो आचार्य गुरूदेव हमें सोंप कर गये है उसकी गरिमा को हम सभी हमेशा याद रखेंगे आचार्य श्री समयसागर जी महाराज एक मौन साधक है उनको यह जिम्मेदारी तो विदिशा से ही प्रारंभ हो गई थी तथा उनको प्रथम निर्यापक श्रमण की जिम्मेदारी देकर उनको संघ संचालन का अवसर भी प्रदान कर दिया गया था।कार्यक्रम के समापन में आर्यिकारत्न दृणमति माताजी ने अवरुद्ध कण्ठ से अपना उदवोधन दिया इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे नागपुर,वारासिवनी, रायपुर, विलासपुर,राजनांदगांव, डोंगरगढ़, दुर्ग, इंदौर भोपाल विदिशा,वामनौद महाराष्ट्र गुजरात मध्यप्रदेश आदि महानगर से बसें तथा चारपहिया बाहनों से आये थे। समवसरण में मुनि श्री आगम सागर महाराज, पुनीत सागर महाराज, आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी आर्यिकारत्न दृणमति माताजी,आदर्श मति माताजी सहित अनेक आर्यिकासंघ उपस्थित थी ऐलक धैर्यसागर महाराज ने कार्यक्रम का संचालन किया। ऐलक निश्चय सागर महाराज ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज मंचासीन रहे इस अवसर पर चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पर बनने जा रहे समाधिस्थल 'विद्यायतन' के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या, ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष किशोर जैन महामंत्री चंद्रकांत जैन प्रदीप जैन विश्वपरिवार,विनोद कोयला विलासपुर, सहित समस्त ट्रस्टीओं ने दान दाताओं का सम्मान किया।इस अवसर पर विधानाचार्य नितिन भैया खुरई,धीरज भैया राहतगड़, मनोज जबलपुर, संजीव कटंगी अविनाश भैया भोपाल ने समय से सभी कार्यक्रम संचालित कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर संजय भैया दिल्ली, ब्र.अनूप भैया, अंकित भैया,रिंकू भैया सुवोध चतुर,सौरभ सुल्तान गंज मुनि सेवा में समर्पित रहे। **(अविनाश जैन)**

# समेकित शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोडने का प्रयास





**ललितपुर (विश्व परिवार)।** समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु सेवारत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी बार पर बीईओ शैलजा व्यास के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान वरिष्ठ एआरपी प्रदीप सोनी ने कहा कि समेकित शिक्षा के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने में महत्वपूर्ण मदद मिल रही है।शिक्षकों को प्रशिक्षित करके उनको दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशील एवं शैक्षिक प्रगति के उन्नयन में सहायता मिलेगी।पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान स्पेशल एजूकेटर ब्लॉक बार मदन मोहन राज ने बताया कि समावेशी शिक्षा एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जिसमें सामान्य बच्चों के साथ विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को एक साथ एक विद्यालय में सम्मिलित रुप से शिक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में दो बैच चलाये गये।जिनमें एक सौ शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।बेसिक शिक्षा में स्पेशल एजूकेटर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ0 दीपक अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों को आने वाली परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से कैसे जोड़ा जा सकता है।दिव्यांग बच्चों को समय रहते कम व सही किया जा सकता है।स्पेशल एजुकेटर पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के दैनिक जीवन में आने वाली शिक्षा के प्रति शिक्षण कार्य में बाधा बनने वाली समस्याओं के प्रति दिव्यांग छात्र-छात्राऐं किस तरह से समाज और शिक्षा के प्रति किस तरह से जागरूक करा सकते हैं।बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोडा जाए।

स्पेशल एजूकेटर पुनीत कुमार ने कहा कि समेकित शिक्षा के अंतर्गत समस्त परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों कोसमावेशी शिक्षा के बारे में बताया गया कि समावेशी शिक्षा में दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान एकेडमिक रिसोर्स पर्सन प्रदीप सोनी,अरविंद गौतम,महेश वर्मा,रामेन्द्र सिंह यादव,रोहित घनघोरिया,पुष्पेंद्र जैन, डॉ. बृजेश कुशवाहा ,राजीव जैन, धर्मेंद्र जैन,नंदराम यादव, मंगल सिंह,बृजेश झां,उदयभान सिंह, रमाकांत चौरसिया,दीपक सिंघई, मोहित अग्रवाल,बिहारी लाल, अभिषेक शर्मा,विजय सिंह यादव, कृष्णकांत रावत,राहुल तिवारी, राजीव लिटौरिया,इंद्रपाल सिंह, आशीष साहू,अनुराग श्रीवास्तव, दीपक बाबू,राजीव लिटोरिया, दिनेश वर्मा,रवि गुप्ता, ऋषभ जैन, सुमित गुप्ता, रविन्द्र सिंह, राहुल तिवारी, विक्रम सिसौदिया,नीरज साहू, जलज ज्योति, रामवीर सिंह,आकांक्षा यादव, प्रिया जैन,राखी राजपूत, सृष्टि वर्मा,भारती राय, अंजू शाक्यवार,अंजू दुबे,दिव्या यादव, ,प्रियंका शाक्यवार आदि अनेक शिक्षक, ,शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महुआ शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** थाना मगरलोड को मुखबिर से सुचना मिली की हाथादहरा नाला, कुसुमपुर के किनारे बोतलबाहरा में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर हे है की सूचना पर मगरलोड पुलिस द्वारा तत्काल बताये जगह पर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी द्वारा हाथादहरा नाला कुसुमपुर के किनारे प्रम बोतलबाहरा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते मिला जिसके कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब कीमती 600/- रू, बिक्री रकम 350/- रू जुमला कीमती 950/- रू को जप्त कर थाना मगरलोड में धारा 34(1)आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम-: हरिश यादव पिता प्रीतम उम्र 32 वर्ष सा0सोनेवारा थाना -मगरलोड,जिला धमतरी (छ.ग.) (02) -:धमतरी पुलिस,थाना मगरलोड पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली की ग्राम भरदा में शंतानु साहू अपने मकान आंगन परछी में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है जिसकी सूचना पर तत्काल रेड कार्यवाही करने पर आरोपी अवैध रूप से शराब बिक्री करते मिला जिसके कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1,300/- रू, बिक्री रकम 200/- से जुमला कीमती 1,500/- रू को जप्त कर थाना मगरलोड में धारा 34(1) आब एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम-: शंतानु साहू पिता धनसाय साहू उम्र 32 वर्ष सा0भरदा, थाना- मगरलोड,जिला धमतरी,(छ.ग.)। उक्त कार्यवाही में थाना मगरलोड से सउनि0 धनीराम नेताम,प्रआर. दिनू मारकंडे सहित थाना मगरलोड स्टॉफका विशेष योगदान रहा।

### राज्य प्रेक्षक ने किया ढोंडरा मतदान केंद्र का निरीक्षण

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन मार्गदर्शन में आगामी नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जिला स्तर पर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लेने लेने राज्य स्तरीय प्रेक्षक श्री अश्वनी देवांगन सुकमा पहुंचे हुए हैं। जिला प्रेक्षक श्री अश्वनी देवांगन शुक्रवार को निर्वाचन कार्यों का निरीक्षण करने नगर पंचायत दोरनापाल पहुंचे जहाँ उन्होंने नगरीय निकाय निर्वाचन में नाम निर्देशन पत्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात श्री देवांगन ने पंचायत चुनाव के लिए जनपद पंचायत कोंटा का निरीक्षण किया और मतपेटियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड कोंटा के मतदान केंद्र ढोंडरा का औचक निरीक्षण किया और मतदान केंद्र में मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नियद नेल्लानार योजना से आई खुशहाली

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा एसपी श्री किरण चव्हाण के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र डब्बामरका में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से नवीन मोबाईल टॉवर प्रारंभ किया गया। कोंटा विकासखंड के नियद नेल्लानार क्षेत्र दूरस्थ वनांचल डब्बामरका क्षेत्र में गुरूवार को जियो 4 जी मोबाईल नेटवर्क चालू किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ''नियद नेल्ला नार'' योजना अन्तर्गत सुरक्षा कैम्पों के आस-पास के ग्रामों में शत प्रतिशत 4जी नेटवर्क कनेक्टीविटी देने की योजना पर क्रियान्वयन जा रहा है। मोबाइल नेटवर्क लग जाने से आस पास के क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों को मोबाइल की सुविधा के साथ साथ इंटरनेट की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। आसपास के अंदरूनी क्षेत्र डब्बामरका, कामाराम, कोमनपाड़, टेटेमड़गू, पामलूर, सिंगनमड़गू, वेरूम व आस-पास क्षेत्रों में अब ग्रामीणों को मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट की समस्या दूर हो गई है। स्कूली छात्रों और युवाओं को मोबाइल फ़ोन से ऑनलाइन पढ़ाई करने में सहायता मिलेगी। क्षेत्र के ग्रामीण दूर में स्थित अपने परिजनों से मोबाइल फ़ोन के ज़रिए आपस में बात कर सकेंगे। सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से 28 कैंपों में जियों 4-जी नेटवर्क मोबाईल टावर स्थापित कर मोबाईल कनेक्टीविटी की सुविधा प्रारम्भ किया जा चुका है जिसका लाभ अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणजन, युवा एवं सुरक्षा बल के जवान ले रहे हैं। इसके साथ ही इंटरनेट के माध्यम से ग्रामवासी देश-विदेश की जानकारी से अवगत होते रहेंगे। मोबाइल टॉवर की स्थापना में सीआरपीएफ241, 217, 212 वाहनियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। सुदूर अंचल में सेवा दे रहे सुरक्षा बल के जवान नेटवर्क स्थापित होने से अपने परिजनों से नियमित रूप से फ़ोन में बात कर सकेंगे। मोबाईल टॉवर लगने पर अंदरूनी क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। जिले के शेष अंदरूनी क्षेत्रों में जियो के नवीन टॉवरों की स्थापना का कार्य सुकमा पुलिस के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तीव्र गति से जारी है।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने ओरछा में संचालित विभिन्न स्कूलों का किया औचक निरीक्षण




**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** जिले के विकासखण्ड ओरछा के अन्तर्गत संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं पोटा केबिन आवासीय विद्यालय ओरछा का जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक भवानी शंकर रेड्डी के द्वारा गत् 29 जनवरी को औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने पोटा केबिन आवासीय विद्यालय ओरछा में पहली से 10 वीं तक कक्षा संचालित है। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित किए जा रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी निषाद के द्वारा बच्चों से चर्चा करते हुए शिक्षा के महत्तव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। सामाजिक आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में भी शिक्षा से ही विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न करते हुए कहा कि आप स्कूल क्यों आते हो यह प्रश्न आप अपने आप से पुछिये। जब तक आप अपने स्कूल आने के उददेश्य को नहीं समझोगें तब तक अपने जीवन के उददेश्यों को पूर्ति नहीं कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को सम्बोधन करते हुए कहा कि अनुशासन छात्र जीवन में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है क्योकि अनुशासन से ही विद्यार्थियों का नैतिक मूल्यों पर विकास होगा, जिससे छात्र जीवन में खेल-कूद साथ-साथ किताब ज्ञान की अहम भूमिका होती है। यदि किसी छात्र ने राष्टीय स्तर पर प्रथम स्थान किसी खेल में प्राप्त कर लेता है तो इसे न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन होगा बल्कि जिले एवं राज्य का नाम भी गौरवान्वित होगा।

### भानुप्रतापपुर में दुर्लभ गिद्ध की देखी गई मौजूदगी

**कांकेर(विश्व परिवार)।** भानुप्रतापपुर में एक दुर्लभ गिद्ध देखा गया, जिसके पीठ पर ट्रेकिंग डिवाइस लगा हुआ था। गिद्ध की मौजूदगी की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस ने उसकी निगरानी शुरू कर दी है। शुक्रवार शाम भानुप्रतापपुर के आत्मानंद स्कूल की छत पर गिद्ध को बैठा देखा गया। इस दौरान कुछ कौवे गिद्ध पर हमला करते हुए भी दिखाई दिए। इस घटना की जानकारी लल्लूराम डॉट कॉम के संवाददाता ने पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को दी, जिसके बाद दोनों विभाग के लोग मौके पर पहुंचे और गिद्ध की निगरानी शुरू की। वन विभाग के आला अधिकारियों को सूचित किया गया और बताया गया कि एक विशेष दस्ता गिद्ध को पकड़ने के लिए आज सुबह जिला मुख्यालय से भानुप्रतापपुर रवाना हो गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल ने संभावना जताई कि गिद्ध को किसी अभयारण्य से ट्रैक किया जा रहा होगा, या फिर यह गिद्ध अपना रास्ता भटक गया है। फिलहाल, इसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक - कलेक्टर इन्द्रजीत सिंहचन्द्रवाल

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना वर्तमान समय की बहुत ही विकराल समस्या है। इससे बचाव हेतु सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के अलावा यातयात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। श्री चन्द्रवाल आज पुलिस विभाग एवं यातायात कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में यातायात कार्यालय के सामने जय स्तंभ चैक में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प5श्री श्रीमती शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक श्री एसआर भगत, एडीशनल एसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी बालोद श्री देवांश राठौर, सीएसपी दल्लीराहजरा डॉ. चित्रा वर्मा, एसडीओपी गुरूर श्री बोनीफास एक्का, यातायात निरीक्षक श्री राकेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला कमाण्डो, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं वक्ताओं ने सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी को ही एक मात्र उपाय बताया। उन्होंने आम जनता से नशापान करके तथा तेज गति से वाहन नही चलाने एवं वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने तथा हेलमेट का उपयोग करने की अपील भी की। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु अपने जान-माल की रक्षा करने तथा अपने आप को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी व्यक्ति की स्वयं की है। इसलिए यातायात निमयों का पालन करते हुए नियंत्रित एवं संयमित होकर वाहन चलाकर हमें अपने एवं अपने परिवार तथा समाज को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने आम नागरिकों से नाबालिग एवं छोटे बच्चों से वाहन नही चलवाने की भी अपील की। कलेक्टर ने जिले के प्रत्येक नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने नैतिक दायित्वों को निर्वहन करने को कहा। इस अवसर पर श्री चन्द्रवाल ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस विभाग एवं आम नागरिकों के सहयोग से सड़क सुरक्षा के संबंध में जिले में आयोजित विभिन्न गतिविधियों की सराहना भी की। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना एवं सड़क सुरक्षा हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करना केवल पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नही होगा। इस कार्य में आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प5श्री श्रीमती शमशाद बेगम ने जिले के आम नागरिकों से सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी ही एक मात्र उपाय है, इसलिए हम सभी को यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना चाहिए।

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली गुड़ उद्योग संघ और संचालकों की बैठक

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर गोपाल वर्मा और पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गुड़ उद्योग संघ और संचालकों के साथ बैठक की, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर और एसपी ने गुड़ उद्योग से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न गुड़ उद्योग संचालकों ने अपने अनुभव साझा किए और उद्योग से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में बताया कि हाल ही में गुड़ उद्योग में पत्थर पावडर मिलाने की एक गंभीर शिकायत प्राप्त हुई थी। इस शिकायत के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए औचक निरीक्षण किया और पत्थर पावडर को जप्त किया। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग, पुलिस और गुड़ उद्योग संघ की एक संयुक्त टीम बनाई जाए, जो समय-समय पर गुड़ उद्योगों का निरीक्षण करेगी। बैठक में गुड़ उद्योग के संचालकों ने ठेकेदारों के संबंध में कुछ शिकायतें भी उठाई। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने इस समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा और ऐसे ठेकेदारों की एक सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद उन ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से गुड़ उद्योग के संचालन में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सकेगा।

### तीन हजार फिट ऊंचे पहाड़ में बच्चों ने करतब किया

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** 3 हजार फिट ऊंचे पहाड़ में बच्चों ने करतब किया। राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने वीडियो साझा कर बताया कि 3000 फिट ऊंचे ढोलकल गणेश मंदिर में इंडियाज गॉट टैलेंट के विजेता अबूझमाड़ मलखंब का करतब! ढोलकल गणेश जिला दंतेवाड़ा में बैलाडिला पहाड़ी में 3000 फीट ऊंचा एक सुंदर स्थान है। माना जाता है कि भगवान गणेश की 3 फीट सुंदर पत्थर की मूर्ति 10 वीं और 11 वीं शताब्दी के बीच नागा वंश के दौरान बनाई गई थी, यह साइट का मुख्य आकर्षण है। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा से 13 किमी दूर स्थित, यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है, और उन लोगों के लिए जो हरे पहाड़ियों के बीच ट्रेक करना पसंद करते हैं।

## नए मेला स्थल पर भव्य राजिम कुंभ कल्प की तैयारी जोरों पर

**मुख्य मंच निर्माण, हेलीपैड एवं मीना बाजार स्थल का निर्माण कार्य तेजी से जारी**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** नए मेला स्थल पर राजिम कुंभ कल्प 2025 की तैयारियां तेजी से जारी है। आयोजन के संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल सहित धमतरी, रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जा रहे है। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही हे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे, प्रबंधक संचालक श्री आचार्य एवं कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पर्यटन विभाग के जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र चन्द्राकर, धमतरी के अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, एसडीएम श्री विशाल महाराणा, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग श्री प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री विप्लव घृतलहरे, खाद्य अधिकारी श्री सुधीर गुरू सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में संभाग आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्ट लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफसफाई के निर्देश दिए गए।

# गीदम के पीठासीन-मतदान अधिकारियों को मिला प्रथम चरण का प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत गीदम के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी-एक को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्बन्धी प्रशिक्षण के तहत जानकारी दी गई कि ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग-अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है यथा-सदस्य जिला पंचायत के लिए (गुलाबी), सदस्य जनपद पंचायत के लिए (पीला), सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए (नीला), पंच ग्राम पंचायत के लिए (सफेद) रंग निर्धारित है। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी होते है। ग्रामीण निकायों के लिए निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी से होगा। ढेर सारे मतपत्रों की अलग अलग पहचान के लिए प्रत्येक दल को दो सुभेदक सील, उपलब्ध कराये जाएंगे इनमें से एक का उपयोग जनपद और जिला पंचायत सदस्यता के लिए अभ्यर्थियों के मतपत्रों पर लगाने के लिए होगी, और दूसरा सरपंच और पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के लिए होगा। मतदान अधिकारी क्रं. -01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। साथ ही केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चाहे मतदान चार-चार पदों के लिए हो रहे हों, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक ही होगी। मतदान अधिकारी क्रं. 2 व 3 क्रमशः सरपंच एवं पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों और जनपद व जिला पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के प्रभारी रहेगें। मतदान अधिकारी क्रं. 4 मतपेटी का प्रभारी होगा। पीठासीन अधिकारी पूरे दल का मुखिया होगा, पूरी मतदान व्यवस्था उसी के देख रेख में और नियंत्रण में होगी। इस प्रकार पूरा मतदान दल एक टीम की तरह कार्य करेगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया।

## व्यापार समाचार

### केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एमएसएमई को आगे बढ़ने के लिए नई स्कीम को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग एमएसएमई (एमसीजीएस-एमएसएमई) के लिए म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत पात्र फर्मों को प्लांट और मशीनरी या उपकरण की खरीद के लिए 100 करोड़ रुपये तक के लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह योजना उपकरण या मशीनरी की खरीद के लिए एमसीजीएस-एमएसएमई के तहत पात्र एमएसएमई को स्वीकृत 100 करोड़ रुपये तक की क्रेडिट सुविधा के लिए, सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा 60 प्रतिशत गारंटी कवरेज प्रदान करेगी। योजना के अनुसार, उधार लेने वाली संस्था वैध उद्यम पंजीकरण संख्या के साथ एक एमएसएमई होना चाहिए और ऋण राशि 100 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उधार लेने वाली संस्था की परियोजना लागत योजना में तय राशि से भी अधिक हो सकती है और उपकरण या मशीनरी की न्यूनतम लागत परियोजना लागत का 75 प्रतिशत होनी चाहिए। स्कीम के अनुसार, योजना के तहत 50 करोड़ रुपये तक के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि 8 वर्ष तक होगी और मूल किस्तों पर 2 वर्ष तक का मोरेटोरियम पीरियड होगा। 50 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के लिए पुनर्भुगतान की अधिक अवधि और मूल किस्तों पर अधिक मोरेटोरियम पीरियड पर विचार किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार, ऑपरेशनल गाइडलाइन जारी होने से चार साल की अवधि तक या संचयी रूप से 7 लाख करोड़ रुपये की गारंटी जारी होने, दोनों में से जो भी पहले हो, स्कीम जारी रहेगी।

### सैमसंग गैलेक्सी S25 सीरीज़ में हिंदी का समर्थन, जेमिनी लाइव का भारत में खास फोकस

**नईदिल्ली।** सैमसंग की गैलेक्सी S25 सीरीज़ नैचुरल लैंग्वेज अंडरस्टैंडिंग के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता है, जिससे रोजमर्रा के काम पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गए हैं। अब उपभोक्ता साधारण बातचीत की तरह सवाल पूछ सकते हैं और सैमसंग गैलरी में कोई खास फोटो ढूंढ सकते हैं या फिर सेटिंग्स में जाकर डिस्प्ले फ़ॉन्ट का आकार बदल सकते हैं। इसके अलावा, वे गूगल जेमिनी (Google Gemini) को एक्टिव कर सकते हैं और साइड बटन दबाकर सैमसंग व गूगल ऐप्स के साथ-साथ स्पोटिफाई (Spotify) जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स का भी सहज इस्तेमाल कर सकते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और एमएक्स बिजनेस के प्रमुख टीएम रोह ने बताया कि भारत में गैलेक्सी S25 के उपभोक्ताओं के लिए गूगल जेमिनी लाइव शुरुआत से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह सैमसंग के लिए भारतीय बाजार के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि गूगल जेमिनी लाइव कोरियाई, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में लॉन्च किया जाएगा। गैलेक्सी S25 के साथ शुरुआत में इन तीन भाषाओं में यह सुविधा दी जा रही है और भविष्य में इसे अन्य भाषाओं में भी विस्तारित किया जाएगा, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतर अनुभव मिलेगा। गूगल जेमिनी के साथ उपयोगकर्ता अपने गैलेक्सी S25 स्मार्टफोन पर सैमसंग कैलेंडर, नोट्स, रिमाइंडर और घड़ी जैसी सैमसंग ऐप्स के अंदर भी कई कार्य कर सकते हैं। यह नया फीचर उपभोक्ताओं के लिए स्मार्टफोन के इस्तेमाल को पहले से अधिक सुविधाजनक और उन्नत बना देगा। रोह ने बताया कि सैमसंग हाइब्रिड एआई में विश्वास करता है, ताकि अपनी तकनीक और फीचर्स के साथ-साथ गूगल और अन्य साझेदारों की तकनीक को भी एक साथ जोड़ा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया, हाइब्रिड एआई का मतलब है कि यह ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित एआई का संयोजन होगा, जो हर समय और हर जगह सबसे उपयुक्त समाधान प्रदान करेगा। इसके अलावा, हम एआई समाधान प्रदान करेंगे, चाहे वह लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) हो या लार्ज विजन मॉडल (LVM)। उन्होंने कहा कि सैमसंग अपने एआई समाधान और प्लेटफ़ॉर्म को लगातार बेहतर करेगा और अपने रणनीतिक साझेदारों के साथ मिलकर उपयोगकर्ताओं के लिए सर्वोत्तम समाधान उपलब्ध कराएगा।

### अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड कंपनी ने 4981 लाख रुपए का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खोला

**राजकोट :** भारत में बिजली के तारों और केबलों के उत्पादन और निर्यात में अग्रणी अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई-538706) का 4981 लाख का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। कंपनी का सही इश्यू प्राइस 14.5 रुपए प्रति शेयर है और यह 11 फरवरी, 2025 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में भाग लेने/सदस्यता लेने के लिए बीएसई से अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के राइट्स एंटाइटेलमेंट (बीएसई प्रतीक: 750951) भी खरीद सकते हैं। राइट्स इश्यू ऑन-मार्केट अस्वीकार की समय सीमा 5 फरवरी, 2025 है। इस इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 9:25 (रिकॉर्ड तिथि - 16 जनवरी, 2025 को शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 25 इक्विटी शेयरों के लिए 9 राइट्स इक्विटी शेयर) तय किया गया है। कंपनी 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 3.43 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी। मार्च-2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 598 लाख रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 582 लाख रुपए था।इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 12439 लाख दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 10767 लाख रुपए था। राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग ऋणों के पूर्व भुगतान/पुनर्भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को बढ़ाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नितेश वघासिया ने कहा कि, हमारा राइट्स इश्यू जिम्मेदार विकास, वित्तीय लचीलापन और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। हम मौजूदा शेयरधारकों को उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने का अधिकार देकर उनके विश्वास और वफादारी का सम्मान करते हैं।



# कप्तान सूर्यकुमार ने सीरीज जीतने के बाद टीम के लचीलेपन और सकारात्मक इरादे की प्रशंसा की

**पुणे (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में 15 रन से जीत हासिल करने के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और सकारात्मक मानसिकता की प्रशंसा की। इस जीत ने भारत को पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त दिला दी है। यादव ने शुक्रवार को मैच के बाद कहा, मैदान पर सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शुरुआत से लेकर आखिर तक दर्शकों की भीड़ रही, वे हमेशा हमारे पीछे थे और सभी ने हमारा समर्थन किया। हम 12/3 के बाद पीछे नहीं हटना चाहते थे और लड़कों को पता है कि हम किस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। भारत की पारी की शुरुआत साकिब महमूद के रिकॉर्ड-तोड़ ट्रिपल-विकेट मेडन से हुई, जिससे मेजबान टीम दो ओवर में 12/3 पर सिमट गई। लेकिन यादव ने अपनी टीम की अटूट भावना पर जोर दिया, खासकर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने संकट का सामना करने के तरीके पर। दोनों ने 88 रन की साझेदारी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने 53 रन बनाए, जिससे भारत ने 181/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। सूर्या ने कहा, एक ओवर में तीन विकेट, यह हमारे लिए बहुत ज्यादा था। लेकिन जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, जिस तरह से उन्होंने जवाब दिया, जिस तरह से उन्होंने बीच में सकारात्मक इरादा दिखाया और जिस तरह से हार्दिक और दुबे ने अपना अनुभव दिखाया, वह शानदार था। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं - खुद को अभिव्यक्त करना और आप उसी तरह से बल्लेबाजी करते हैं जैसे आप नेट्स में करते हैं। इंग्लैंड की ओर से आक्रामक शुरुआत हुई क्योंकि सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावर-प्ले के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों को परेशान किया। डकेट, विशेष रूप से शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों पर 39 रन बनाए। इंग्लैंड छह ओवर में 62/0 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में दिख रहा था। लेकिन भारत के गेंदबाजों ने तेजी से वापसी की। रवि बिश्नोई ने पावर-प्ले की आखिरी गेंद पर डकेट को आउट किया और अक्षर पटेल ने साल्ट का अहम विकेट लिया। बिश्नोई ने फिर से बटलर को मात्र 2 रन पर आउट कर दिया, जिससे आठवें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 67/3 हो गया। पावरप्ले के बाद मैच के निर्णायक चरण के बारे में बात करते हुए यादव का अपनी टीम के दृष्टिकोण पर भरोसा स्पष्ट था। मुझे पता था कि पावरप्ले के बाद, 7-10 ओवरों के बीच, यही वह समय था जब हम खेल को नियंत्रित कर सकते थे, और वही हुआ।

## ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्श पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श पीठ के निचले हिस्से में दर्द और शिथिलता के कारण 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा, राष्ट्रीय चयन पैनल और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष चिकित्सा दल ने चोट के कारण मार्श को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है, जिसका पुनर्वास पर्याप्त रूप से नहीं हो पाया है। हाल के हफ्तों में उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द बढ़ गया था, जिसके कारण एनएसपी ने मार्श के पुनर्वास की लंबी अवधि पूरी करने का निर्णय लिया। सीए ने कहा कि मार्श अब खेल में वापसी की योजना के तहत और अधिक आराम और पुनर्वास की अवधि से गुजरेंगे। एनएसपी समय आने पर मार्श के प्रतिस्थापन पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेगा। भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अभियान के अंतिम मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट लाइन-अप में अपनी जगह गंवाने वाले मार्श ने इस महीने की शुरुआत में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए एकमात्र बीबीएल उपस्थिति के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीमों की समय सीमा 12 फरवरी से पहले है। टखने की चोट और पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण वनडे और टेस्ट में नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाहर होने के कारण, मार्श से चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने की उम्मीद थी।

## शमी ने साहा को विदाई दी, कहा-आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को क्रिकेट के खेल पर 'अमिट छाप' छोड़ने के लिए बधाई दी है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन साहा को उनके साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शमी ने कहा, आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान,



आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी! 141 प्रथम श्रेणी मैचों में, साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं। 40 वर्षीय साहा ने आखिरी बार दिसंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में भारत के लिए खेला था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, साहा ने 40 टेस्ट में भाग लिया, जिसमें 29.41 की औसत से 1,353 रन बनाए, साथ ही नौ वनडे भी खेले। हालांकि उन्होंने आईपीएल 2025 की नीलामी को छोड़ दिया, लेकिन साहा 2008 से हर आईपीएल सीज़न में खेले हैं। वह हाल ही में गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसने 2022 में खिताब जीता। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया है, जहां उन्होंने 2014 के फाइनल में शतक बनाया था। 40 वर्षीय साहा ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीज़न के दौरान क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी।


# बजट के बाद शेयर बाजार में सपाट कारोबार ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में तेजी

**मुंबई (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद भारतीय शेयर बाजार में करीब सपाट कारोबार हो रहा है। खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 150 अंक गिरकर 77,350 और निफ्टी 52 अंक गिरकर 23,446 पर था। बजट में नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर छूट को बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है। इससे खपत से जुड़े शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी ऑटो इंडेक्स में 2 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में 3.73 प्रतिशत की तेजी है। बाजार में दबाव आईटी और एनर्जी शेयरों की तरफ से आ रहा है। निफ्टी आईटी, निफ्टी मेटल, निफ्टी एनर्जी इंडेक्स में दो




प्रतिशत तक की गिरावट हैं। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एमएंडएम, टाइटन, एशियन पेंट्स, नेस्ले, इंडसइंड बैंक और सनफार्मा टॉप गेनर्स थे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एसबीआई टॉप लूजर्स थे। बजट भाषण में वित्त मंत्री द्वारा कहा गया कि नई टैक्स रिजीम के तहत 0-4 लाख रुपये की आय पर टैक्स शून्य होगा। वहीं, 4-8 लाख रुपये की आय पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख रुपये की आय पर 10 प्रतिशत, 12-16 लाख रुपये की आय पर 15 प्रतिशत, 16-20 लाख रुपये की आय पर 20 प्रतिशत, 20-24 लाख रुपये की आय पर 25 प्रतिशत और 24 लाख से अधिक की आय पर टैक्स की दर 30 प्रतिशत होगी। इनकम टैक्स में छूट बढ़ाने से सरकार का डायरेक्ट टैक्स 1,00,000 लाख करोड़ रुपये और इनडायरेक्ट टैक्स 2,600 करोड़ रुपये कम होगा। शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9:42 पर सेंसेक्स 206 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,706 और निफ्टी 55 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,563 पर था।

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान ने 10 साल से अधिक समय तक चले अपने शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। अफगानिस्तान क्रिकेट ने एक्स पर पोस्ट किया, एसीबी ने अफगानिस्तान क्रिकेट के उत्थान में उनके योगदान के लिए शापूर जादरान को धन्यवाद दिया और भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। जादरान ने 80 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और उनके नाम पर इतने ही अंतरराष्ट्रीय विकेट, वनडे में 43 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 37 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा,आज वह दिन है जिसका मैं कभी सामना नहीं करना चाहता था, लेकिन आखिरकार यह हर खिलाड़ी के लिए आता है। 22 साल की सेवा, त्याग और क्रिकेट के प्रति प्रेम के बाद, मैं आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन निर्णय रहा है क्योंकि क्रिकेट मेरे लिए सिर्फ एक खेल से कहीं बढ़कर है। जादरान ने लिखा, यह मेरा जुनून, पहचान और उद्देश्य रहा है।बचपन से ही मैं अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखता था और अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे गर्व होता है कि मैंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने देश का झंडा बुलंद करने में भूमिका निभाई।हालांकि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जा रहा हूं, लेकिन खेल के प्रति मेरी प्रतिबद्धता बनी हुई है। अगर अल्लाह चाहेगा तो मैं अपने अनुभव के जरिए अफगान क्रिकेटरों की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ने और चमकने में मदद करना जारी रखूंगा।

## ओला इलेक्ट्रिक ने अपने S1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में विकसित किया; मास और प्रीमियम सेगमेंट में 8 नए स्कूटर लॉन्च किए

**नईदिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने S1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में S1 X (2kWh) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर S1 प्रो+ 5.3 (kWh) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा। जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप S1 प्रो+ 5.3 kWh (4680 भारत सैल के साथ) और 4kWh हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। S1 प्रो 4kWh और 3kWh बैटरी विकल्पों में क्रमशः 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है। S1 X रेंज का मूल्य 2kWh के लिए 79,999 रुपये, 3kWh के लिए 89,999 रुपये और 4kWh के लिए 99,999 रुपये है। 4kWh बैटरी के साथ S1 X+ का मूल्य 1,07,999 रुपये है। लेटेस्ट जेन 3 S1 स्कूटर्स के अलावा कंपनी के जेन 2 स्कूटर 35,000 रुपये तक के डिस्काउंट के साथ बिकते रहेंगे, जिनके मूल्य क्रमशः 1,14,999 रुपये, 69,999 रुपये, 79,999 रुपये और 89,999 रुपये हैं। जेन 3 प्लेटफॉर्म परफॉर्मेंस, एफिशियंसी, सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ाकर अगले लेवल में ले गया है। इस पूरे पोर्टफोलियो में अब एक मिड ड्राईव मोटर और चेन ड्राईव है, जो अनुकूलित परफॉर्मेंस और विश्वसनीयता प्रदान करती है। बेहतर रेंज और एफिशियंसी के लिए इस पोर्टफोलियो में इंटीग्रेटेड एमसीयू (मोटर कंट्रोल यूनिट) है। इसलिए जेन 3 पोर्टफोलियो जेन 2 के मुकाबले 11% कम खर्च के साथ 20% ज्यादा पीक पॉवर और 20% ज्यादा रेंज प्रदान करता है। जेन 3 प्लेटफॉर्म में इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए श्रेणी का पहला ड्युअल एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) और पेटेंटेड ब्रेक-बाय-वायर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जो ब्रेक पोज़िशन सेंसर के आधार पर ब्रेक लगाती है, और रिजनरेटिव एवं मैकेनिकल ब्रेकिंग के बीच ब्रेकिंग के प्रकार का डायनामिक मॉड्युलेशन करती है। यह पेटेंटेड टेक्नोलॉजी राईडिंग की सभी परिस्थितियों में बेजोड़ सुरक्षा, कंट्रोल, और अत्यधिक प्रभावशाली ब्रेकिंग प्रदान करती है।

## इंडिगो ने महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज के लिए अपनी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की

**नईदिल्ली।** भारत के अग्रणी एयरलाईन, इंडिगो ने प्रयागराज एयरपोर्ट से आवागमन के लिए अपनी उड़ानों और सीटों की संख्या में भारी इजाफा किया है। यह वृद्धि महाकुंभ मेला 2025 के लिए की गई है, जो 13 जनवरी से शुरू हो चुका है, और 26 फरवरी, 2025 तक जारी रहेगा। इंडिगो ने अपनी क्षमता में वृद्धि की योजना पहले से ही बना ली थी, लेकिन प्रयागराज से आवागमन की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ने के कारण हाल ही में कुछ नई फ्लाईट्स भी शुरू की गई हैं। इस विशेष अवधि के लिए इंडिगो द्वारा प्रयागराज से आवागमन के लिए 165,000 से अधिक सीटों की सेवा दी जा रही है, जो इस एयरपोर्ट पर इसकी सामान्य क्षमता के मुकाबले दोगुनी से अधिक है। इस अवधि में इंडिगो दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू, हैदराबाद, लखनऊ, रायपुर और भुवनेश्वर से मौजूदा कनेक्टिविटी के अलावा अहमदाबाद, कोलकाता और जयपुर से कनेक्टिविटी शुरू करने के साथ अब भारत के 10 शहरों से प्रयागराज के लिए उड़ानसेवा प्रदान कर रहा है। इसके अलावा इंडिगो ने प्रयागराज से आवागमन के मौजूदा मार्गों पर भी अपनी क्षमता को बढ़ाया है। कंपनी ने अपने बड़े एयरक्राफ्ट ए321 की फ्रीक्वेंसी और ऑपरेशन भी बढ़ाए हैं। अब यह एयरलाईन इस शहर से आवागमन के लिए 490 नियमित सेवाओं की बजाय लगभग 900 उड़ानों द्वारा सेवा प्रदान कर रही है।

इंडिगो तीर्थयात्रियों को यात्रा का सुगम अनुभव प्रदान करके सरकार के प्रयासों में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। एयरलाईन द्वारा बढ़ाई गई इस क्षमता के अलावा यह अपने नेटवर्क में अन्य शहरों से भी उड़ानें शुरू करने की योजना पर काम कर रही है ताकि यात्रियों की सुविधा बढ़ाई जा सके। इस एयरलाईन ने हवाई किरायों को भी स्थिर किया है और यह अपने सभी ग्राहकों को यात्रा का सबसे सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडिगो एक सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती हवाई यात्रा प्रदान करने के लिए समर्पित है। प्रयागराज से आवागमन के लिए बढ़ाई गई यह क्षमता खासकर महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक अवसरों पर लोगों और स्थानों को जोड़ने की इंडिगो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 03 फरवरी 2025



## जिले के नगरीय निकाय चुनाव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पहुंचे रायपुर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिले के नगरीय निकाय के लिए व्यय प्रेक्षक श्री सुशील कुमार गजभिए पहुंच चुके है। श्री गजभिए न्यू सर्किट हाउस के कमरे नंबर 305 रुके है। जिनसे मिलने का समय सुबह 11 से 12 बजे तक एवं उनका मोबाईल नंबर 9300735857 है उनसे व्यय संबंधी शिकायत के लिए संपर्क किया जा सकता है। इन्हें नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिका आरंग, गोबरा नवापारा, तिल्दा, मंदिर हसौद, अभनपुर, नगर पंचायत कूरा, माना कैम्प, खरोरा, समोदा, चंदखुरी के लिए नियुक्त किया गया है।

# नगर पंचायत बसना के अध्यक्ष सहित 33 पार्षद निर्विरोध निर्वाचित

**रायपुर ( विसं )।** नगर पालिक निगम बिलासपुर वार्ड क्रमांक 13 से श्री रमेश पटेल, नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 18 से श्री नरेन्द्र कुमार देवांगन, नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 21 से विद्यावती सिंह, रायगढ़ जिला के नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 18 से श्रीमती पूनम दिबेश सोलंकी और वार्ड क्रमांक 45 से श्री नारायण पटेल पार्षद पद हेतु नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।




मुंगेली जिले के नगर पालिक परिषद लोरमी के वार्ड क्रमांक 10 से श्री धारनी पुरूषोत्तम राठौर, वार्ड क्रमांक 17 से श्री भीखम शिवशंकर यादव, कोरबा जिला के नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 8 से श्री आलोक परेडा, नगर पालिका परिषद कटघोरा वार्ड क्रमांक 13 श्रीमती शिवमती पटेल (नीतू), महासमुंद जिले के नगरपालिका परिषद सरायपाली के वार्ड क्रमांक 5 से श्री रोहित प्रधान एवं वार्ड क्रमांक 13 से श्री गंगाराम पटेल पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नगर पंचायत बसना से अध्यक्ष पद हेतु डॉ. खूशबू अभिषेक अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत बसना के वार्ड क्रमांक 4 से श्री आशीष साहू (तिरथो होटल), वार्ड क्रमांक 11 से श्री महेन्दर सिंह (पिन्टू), वार्ड क्रमांक 13 से श्री राकेश डड़सेना पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। मुंगेली जिले के नगर पंचायत पथरिया के वार्ड क्रमांक 5 से श्री मनोज कुमार पाण्डे और वार्ड क्रमांक 7 से श्री मेला राम जायसवाल, सक्ती जिला के नगर पंचायत नया बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 7 से श्री जितेश शर्मा (अन्नपूर्णा), नगर पंचायत डभरा के वार्ड क्रमांक 7 से राधा देवी टंडन एवं वार्ड 15 से श्री जयशंकर पटेल, सारगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 2 से श्री घनश्याम कहार, वार्ड क्रमांक 3 से श्री मुकेश जायसवाल उर्फ लालू, वार्ड क्रमांक 8 से श्री सौभाग्य शरण सिंह पार्षद पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सूरजपुर जिले के नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 7 से श्री सीता पैकरा, सरगुजा जिले के नगर पंचायत सीतापुर के वार्ड क्रमांक 14 से श्री विवेक कुमार नामदेव, जशपुर जिले के नगर पंचायत बगीचा के वार्ड क्रमांक एक से श्री रामनिवास गुप्ता, रायपुर जिले के नगर पंचायत समोदा के वार्ड क्रमांक 15 से श्री सत्येन्द्र चेलक एवं गरियाबंद जिले के नगर पंचायत फिंगेश्वर के वार्ड क्रमांक 6 से श्री दीपक श्रीवास पार्षद पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार बालोद जिले के नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड क्रमांक 8 से माधुरी रावटे, वार्ड क्रमांक 9 से श्री राजेन्द्र कुमार मानकर और नगर पंचायत चिखलाकसा के वार्ड क्रमांक 4 से श्री राजू रावटे एवं दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक एक से श्रीमती गीता बघेल पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। नगर पालिका उप निर्वाचन 2025 के लिए नगरपालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 35 से श्री चंदन यादव और नगर पंचायत कोटा के वार्ड क्रमांक 13 से श्री पी. विजय कुमार परिमि पार्षद पद हेतु निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## बागी न बिगाड़ दें कांग्रेस का खेल

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में पार्षद चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। प्रत्याशी घोषित करने में विलंब का खामियाजा कांग्रेस को ज्यादा भुगतना पड़ रहा है ऐसा दर्जन भर वार्डों में कांग्रेसियों के बागी होने से देखा जा रहा है। जो कि घोषित तौर पर मैदान में उतर आए हैं, परदे के पीछे न जाने कितने लोग काम कर रहे हैं। पुराने पार्षद व कांग्रेस के वार्ड में वजनदार चेहरा समीर अख्तर, जसबीर ढिल्लन, बंटी होरा, आकाशतिवारी, विमल गुप्ता, सतीश जैन, नानू ठाकुर, पूनम पांडेय, अनिता फूटान, पन्ना साहू, भीम यादव, मुकेश चौधरी। निर्दलीय से कांग्रेस और फिर कांग्रेस से निर्दलीय बन चुके जितेन्द्र अग्रवाल का पुरानी बस्ती इलाके में पकड़ तो है। निश्चित तौर पर ये कांग्रेस के वोट बैंक को ही प्रभावित करेंगे और फायदा भाजपा को मिलेगा।

# जीत के लिए कर रहे गली-गली में प्रचार

## निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे मनोज चक्रधारी को मिल रहा बड़े बुजुर्गों का अभूतपूर्व समर्थन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर मैदान में प्रत्याशी उतार चुके हैं ज्ञात होगी दोनों ही प्रमुख पार्टियों ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं लेकिन इसी बीच निर्दलीयों का भी जोरो जोरो से प्रचार प्रसार जारी है बता दे की पार्टियों से बगावत कर निर्दलीय नामांकन भरने वाले प्रत्याशी भी जनसंपर्क कर रहे हैं इनमें से एक हैं मनोज चक्रधारी जो की वार्ड क्रमांक 42 से अपना नामांकन भर चुके हैं और लगातार जनता से रूबरू हो रहे हैं बता दे कि भाजपा छोड़ निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे मनोज चक्रधारी को जनता का समर्थन मिल रहा है साथ ही जनता मनोज चक्रधारी की रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों द्वारा दोनों ही पार्टियों का समीकरण बिगाड़ सकती हैं मनोज चक्रधारी उन भाजपा नेताओं में से हैं जिन्होंने जनता से किए वादे को निभा रहे हैं बता दे कि मनोज चक्रधारी का चुनाव चिन्ह डिश एंटीना है जिस पर वह जनता से अनुरोध कर रहे हैं की बटन दबाकर एक बार मौका दें और वार्ड चौमुखी विकास करने का अवसर दें।



## स्वच्छ वातावरण और सुशासन के साथ होगा वार्ड का विकास : जितेंद्र अग्रवाल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर लगातार प्रत्याशियों द्वारा कैंपेनिंग किया जा रहा है बता दे की महंत लक्ष्मी नारायण दास से जितेंद्र अग्रवाल द्वारा निर्दलीय नामांकन भरकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं साथी लोगों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी ले रहे हैं नगरी निकाय चुनाव में निर्दलीय नामांकन भरने वाली जितेंद्र अग्रवाल अपना प्रथम पार्षद कार्यकाल सफलतापुर संपन्न करने के बाद इस बार फिर चुनावी मैदान में मीडिया से चर्चा करते वक्त जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि उनके कार्यकाल में उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षण संस्थानों में उच्चतम विकास किए हैं साथ ही बोर्ड की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का भी काम किया गया है बता दे की 11 तारीख को वोटिंग होनी है और नगरी निकाय के चुनाव के परिणाम 15 तारीख को घोषित हो जाएंगे जिसे लेकर जितेंद्र अग्रवाल काफ़ी सक्रिय नजर आ रहे हैं।



## हीरापुर बोर्ड क्रमांक में होगा चहुमुखी विकास : विशाल पांडे



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में प्रत्याशियों ने नगरी निकाय चुनाव को जीतने के लिए अपनी ताकत झोंकती है लगातार प्रत्याशियों द्वारा रैली निकालकर जनसंपर्क किया जा रहा है बता दे की हीरापुर वार्ड क्रमांक एक से भाजपा प्रत्यासी विशाल पांडे को हीरापुर जारवा में भरपूर समर्थन मिल रहा है ज्ञात हो की विशाल पांडे की रैली में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं साथी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते वक्त उन्होंने युवा नेता साथी हीरापुर जारवा के लाडले विशाल पांडे को अपना समर्थन देने की बात कही है मीडिया से चर्चा करते वक्त भाजपा प्रत्यासी विशाल पांडे ने कहा कि चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ वह विजय होंगे और वार्ड का विकास करेंगे ।

## आम आदमी पार्टी प्रत्याशी बलविंदर सिंह पन्नू को मिल रहा जनता का भरपूर आशीर्वाद और प्यार



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कमर कली बता दे की प्रमुख राजनीतिक पार्टी के द्वारा अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतरकर नगरी निकाय चुनाव में गर्माहट कर दी है हीरापुर वार्ड क्रमांक एक में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पलविंदर सिंह पन्नू लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और जन समस्याओं को सुन रहे हैं ज्ञात होगी पलविंदर सिंह पन्नू लोकसभा सचिव भी रहे हैं लगातार वह जनता की आवाज को उठाने का भी कार्य करते आए हैं मीडिया से चर्चा करते वक्त बलविंदर सिंह पन्नू ने कहा कि चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत के बाद वह ट्रांसपोर्ट एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने का कार्य करेंगे साथी बड़े बुजुर्गों को पेंशन देने का अधिकार उनके द्वारा किया जाएगा आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में जनता ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है उसी प्रकार एक मौका जन ता देकर देखे वार्ड का चौमुखी विकास किया जाएगा।

## राजेश गुप्ता का अपने वार्ड में सघन दौरा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 से भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी राजेश गुप्ता को ईश्वरी नगर ,न्यू शान्ति नगर में वार्ड वासियों ने अपना आशीर्वाद दिया एवं राजेश गुप्ता को पार्षद के रूप नगर निगम भेजने का आश्वासन एवं मीनल चौबे को महापौर के रूप में अपना समर्थन देने का भरोसा दिलाया।

## उमा चंद्रहास निर्मलकर को एक बार फिर मोती नगर में अभूतपूर्व जन समर्थन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 54 कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड से कांग्रेस की प्रत्याशी उमा चंद्रहास निर्मलकर ने मोती नगर धमतरी रोड में तूफानी जनसंपर्क किया वार्ड की महिलाओं में अपार जन समर्थन के साथ जनसंपर्क किया एवं उनको एक बार पुन: वार्ड की पार्षद बनाने का आश्वासन दिया।



## ज्ञानचंद चौधरी का राजा तालाब क्षेत्र में तूफानी दौरा मिल रहा जनता का आशीर्वाद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड क्रमांक 34 से भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी ज्ञानचंद चौधरी का राजा तालाब क्षेत्र में तूफानी दौरा रहा समस्त वार्ड वासियों ने ज्ञानचंद चौधरी कुछ जगह-जगह स्वागत कर अपना आशीर्वाद दिया एवं इस बार कमल का फूल वार्ड मे खिलाने का आश्वासन दिया।

# यातायात नियमों का उलंघन करने वालों का आईटीएमएस के माध्यम चालान

### 10 मिनट के भीतर ऑन लाईन पेमेंन्ट की सुविधा। प्रतिदिन 100 चालान बनेंगे



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विगत दिनों एसएसपी लाल उमेद सिंह ने राजधानी रायपुर में स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्थापित व संचालित आईटीएमएस का निरीक्षण किया जाकर अपराधों की रोकथाम एवं यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों पर प्रभारी कार्यवाही हेतु सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरूद्ध त्वरित ई चालान कार्यवाही करने निर्देश दिया गया था। ज्ञात हो कि वर्तमान में ई-चालान जारी होने में 08 से 10 दिन का समय लगता था जिसके कारण अधिकांश उल्लंघनकर्ताओं द्वारा आपत्ति व्यक्ति की जा रही थी जिसे देखते हुए आईटीएमएस द्वारा सिस्टम में अपडेट कर 05 मिनट के भीतर ई चालान जारी होगा जो उल्लंघनकर्ता वाहन चालक के मोबाईल फोन पर टैक्स मैसेज के माध्यम से ई चालान की पीडीएफ कॉपी भेज दी जायेगी जिसे उल्लंघनकर्ता वाहन चालक 10 मिनट के भीतर ऑन लाईन पेमेंट कर सकता है। शुरू में ये सुविधा केवल 100 उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को दी जायेगी धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ाई जायेगी। बता दे कि स्मार्ट सिटी लिमि. रायपुर द्वारा शहर में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित किया गया है जिसके माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के विरूद्ध लगभग 1000 से अधिक ई चालान जारी किया जा रहा है।

वर्तमान में आईटीएमएस द्वारा जो ई चालान जारी किया जा रहा है उसे जनरेट होने में लगभग 8-10 दिन का समय लगता है जिसके कारण अधिकांश उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों द्वारा आपत्ति दर्ज कर तत्काल चालान पटाने की सुविधा देने की मांग किये जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार आईटीएमएस द्वारा सिस्टम में अपडेट कर 05 मिनट के भीतर ई चालान जनरेट किया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव

# कांग्रेस ने घोषित किए 49 चुनाव प्रभारी

### पूर्व विधायक, सीनियर नेताओं और एक्टिव कार्यकर्ता शामिल, चुनाव संचालन की होगी जिम्मेदारी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने 49 नगरपालिकाओं के लिए चुनाव प्रभारियों की लिस्ट जारी कर दी है।

ये प्रभारी लोकल लेवल पर चुनावी गतिविधियों को संभालेंगे और पार्टी की रणनीति को ज़मीन पर उतारने में मदद करेंगे। लिस्ट में सीनियर नेताओं से लेकर एक्टिव कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है, जिससे चुनावी कैंपेन को और मजबूत किया जा सके। इससे पहले कांग्रेस ने नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए कैंडिडेट्स की लिस्ट भी जारी की थी। अब चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति के साथ, पार्टी अपनी रणनीति को और आगे बढ़ाने में जुट गई है।

नियुक्त किए गए प्रभारी अपने-अपने इलाके में कांग्रेस की पॉलिसी और वादों को जनता तक पहुंचाएंगे, लोकल इश्यूज को समझकर चुनावी प्लानिंग करेंगे और पार्टी को जीत दिलाने की कोशिश करेंगे।

## कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक भावना बोहरा हुईं शामिल विधायक भावना बोहरा

# इंदौरी नगर में विकास की गति डबल इंजन की रफ़्तार से हो रहा

### निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

**पंडरिया ( विश्व परिवार )।** 11 फ़रवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं। आज नगर पंचायत इंदौरी में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बाइक रैली के माध्यम से प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया वहीं सम्मलेन में संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया।



इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा को विधानसभा और लोकसभा में ऐतिहासिक जीत मिली है। आज आप जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य, सहयोग, समर्पण से ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य किया, जनता के घरों तक जाकर प्रचार किया, भाजपा की रीती नीति से जन-जन को अवगत कराया उसका सार्थक परिणाम हमें प्रदेश व केंद्र में दिखने को मिला। एक बार पुन: उसी उत्साह, जोश व जूनून के साथ मैं सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह करती हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के विकास पथ में हम सभी अग्रसर होकर जन-जन के घरों तक पहुंचे। प्रदेश के विकास के बाद अब हर गाँव और नगर के विकास की जिम्मेदारी आप सभी पर है। यहां भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रत्याशी है और हमें उसी उद्देश्य के साथ नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा का कमल ध्वज लहराना है।

उन्होंने आगे कहा कि आज इंदौरी नगर पंचायत के हर क्षेत्र में विकास तीव्र गति से हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से हो रहें हैं। विगत एक वर्ष में छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा 4 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्यों को स्वीकृति दी है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से आज निन्दौरी नगर की लगभग 2000 हजार महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 रुपए की आर्थिक सहयता मिल रही है। लगभग 5300 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए 5 लाख तक निशुल्क उपचार मिल रहा है। नगर के 1600 से अधिक किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस मिला वहीं 3100 रुपए/क्विंटल की दर से रिकॉर्ड धान की खरीदी की गई। विधानसभा के 18000 से अधिक परिवारों के आवास का सपना पूरा हो रहा है। इन सभी कार्यों और योजनाओं से आज प्रदेश के हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक सुधार आने के साथ ही आर्थिक रूप से उन्हें संबल मिल रहा है।

भावना बोहरा ने कहा कि आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारा प्रदेश जिस प्रगति के पथ पर अग्रसर है उससे निश्चित ही हम विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के अपने संकल्प को सार्थक करने की दिशा में अग्रसर हैं। आगामी चुनाव में इन सभी विकास कार्यों के प्रति जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है हमें पूर्ण विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी और प्रदेश में विकास की यह गति तीन गुनी रफ़्तार से होगा। आइये हम सभी संकल्प करें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं घोषणाओं की जानकारी उनसे साझा करें और भाजपा की जीत का शंखनाद करें।

## बसंत पचंमी पर की गई मां सरस्वती की पूजा अर्चना

**रायपुर।** देश भर में 2 फरवरी 2025 को वसंत पंचमी का पर्व मनाया जा रहा है। हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी मनाई जाती है।

आज के दिन को मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार वसंत पंचमी के दिन ब्रह्मा जी ने अपने कमंडल से जल छिड़ककर सरस्वती माता को उत्पन्न किया था, इसलिए इस तिथि पर घर, मंदिर से लेकर सभी शिक्षा संस्थानों में मां शारदा की पूजा का भव्य आयोजन किया जाता










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354